LOK SABHA DEBATES

(FOURTH SERIES)

Vol. XLV

[*November 9 to 23, 1970/Kartika 18 to Agrahayana 2, 1892 (Saka)*]

Twelfth Session, 1970/1892 (Saka)

(*Vol. XLV contains Nos.* 1—10)

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

CONTENTS

No. 7—*Wednesday, November 18, 1970/Kartika 27, 1892 (Saka).*

	COLUMNS
Oral Answers to Questions—	
***Starred Questions Nos. 181, 183, 185, 187 and 188**	1-33
Short Notice Question No. 1	33-39
Written Answers to Questions—	
Starred Questions Nos. 182 184, 186, and 189 to 210	39-59
Unstarred Questions Nos. 1201 to 1233, 1235 to 1248, 1250 to 1311, 1314 to 1357, 1359 to 1369 and 1371 to 1400.	59-215
Calling Attention to Matter of Urgent Public Importance—	
Demand by Delhi School teachers for revision of Pay Scales ..	216-36
Question of Privilege *re.* alleged manhandling of Shri K. M. Koushik by Police at Nagpur Railway Station	236-58
Papers Laid on the Table	259-60
Re. Question of Privilege (*Query*)	
Committee on Private Members Bills and Resolutions—	
Sixty-eight Report	261
Statement *Re.* demonstration by Railway workers in front of Railway Headquarters office at Maligaon, Assam ..	
Shri Nanda ..	261-62
Foreign Exchange Regulation (Amendment) Bill Introduced	262-64
Statement *Re.* Foreign Exchange Regulation (Amendment) Ordinance	264-67
Scheduled Castes and Scheduled Tribes Orders (Amendment Bill)—	
Motion to consider, as reported by Joint Committee—	267-75
Shri M. G. Uikey	267-75
Shri K. M. Koushik	275

*The sign + marked above the name of a member indicates that the question was actually asked on the floor of the House by that member.

	COLUMNS
Motion *Re.* subversive and violent activities in the country ..	275-333
Shri J. Mohamed Imam	275-79
Shri H. N. Mukerjee	279-86
Shri Bal Raj Madhok	286-97
Shri Shashi Bhushan	297-300
Shri Jyotrimoy Basu	300-307
Shri S. R. Damani	307-309
Shri B. P. Mandal	309-11
Shri Sheo Narain	311-13
Shri J. B. Kripalani	313-15
Shri K. C. Pant ..	315-27
Shri Prakash Vir Shastri	327-33
Half-an-Hour discussion *Re.* Industrial Production in Fourth Plan..	333-42
Shri S. R. Damani ..	333-36
Shri M. R. Krishna ..	338-42

LOK SABHA

Wednesday November 18, 1970/*Kartika* 27, 1892 (*Saka*)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चौथी योजना पर पुनर्विचार करने की मांग

*181. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने राज्य के पिछड़ेपन को देखते हुए चौथी पंचवर्षीय योजना पर पुनः विचार करने की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो राज्य सरकार द्वारा पेश किये गये प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस बारे में केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

राज्य मंत्री (श्रीमती नन्दिनी सत्पथी) : (क) राज्य सरकार ने विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए 181 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता और राज्य के अपने संसाधनों की अनुमानित कमी को पूरा करने के लिए 52.47 करोड़ रुपये की विशेष व्यवस्था की मांग की है।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत है।

(ग) राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा स्वीकृत सूत्र के अनुसार राज्य योजनाओं के लिए समस्त केन्द्रीय सहायता राज्यों में पहले ही वितरित की जा चुकी है। इस समय ऐसी कोई अनावंटित राशि नहीं है जिससे अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता उपलब्ध की जा सके।

राज्यों के अपने संसाधनों में जो अनुमानित कमी है उसे अतिरिक्त सहायता की व्यवस्था कर पूरा करने की इस समय कोई गुंजाइश नहीं है। विशेष व्यवस्था केवल उन्हीं राज्यों को उपलब्ध की गई है जिनके गैर-योजना संसाधनों में भारी अन्तर है। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार का कोई घाटा नहीं हुआ है, अतः वह विशेष व्यवस्था का अधिकारी नहीं है।

विवरण

क. अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता

(करोड़ रुपये)

कार्यक्रम	परिव्यय
1. सड़कें और पुल	52.00
2. राज्य सिंचाई कार्य (प्रमुख, मध्यम और लघु)	87.50
3. बाढ़ नियंत्रण और नालियां	11.00
4. भूमि को कृषि योग्य बनाना	12.00
5. शहरी क्षेत्रों का विकास	18.50
योग	181.00

ये परिव्यय मुख्यतः राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में अतिरिक्त सिंचाई सुविधाएं, सड़कें,

पुल इत्यादि उपलब्ध करने पर व्यय किया जायेगा । बाढ़ नियंत्रण उपायों का सम्बन्ध पूर्वी जिलों से है। भूमि को कृषि योग्य बनाने से भूमिहीन मजदूरों को दोहरा लाभ होगा क्योंकि इससे उसे भूमि तथा रोजगार दोनों उपलब्ध होंगे । शहरी विकास के अन्तर्गत की स्कीमें न केवल अतिरिक्त रोजगार क्षमताएं उपलब्ध करेंगी बल्कि अधिक सिविल सुविधाएं उपलब्ध कर निर्धन वर्गों की कठिनाइयां दूर करने में भी सहायता देंगी ।

ख. निम्नांकित उपाय अपनाने के परिणामस्वरूप राज्य संसाधनों में अनुमानित कमी को पूरा करने के लिए विशेष व्यवस्था :

(करोड़ रुपये)

(1)	राज्य सरकार के कर्मचारियों को अन्तरिम सहायता की अदायगी	25.00
(2)	शैक्षणिक संस्थानों में गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को इसी प्रकार की सहायता	6.00
(3)	नये जिलों और कस्बों में मद्य निषेध लागू करने के परिणामस्वरूप अनुमानित लागत	2.00
(4)	मद्य निषेध लागू करने की अतिरिक्त लागत	0.07
(5)	अलाभकर जोतों पर लगान की माफी (6.25 एकड़ और इससे कम पर)	15.00
(6)	व्यावसायिक कर के उन्मूलन के कारण अनुमानित हानि	2.00
(7)	सरकारी खजानों द्वारा निजी स्कूलों के अध्यापकों को वेतन का भुगतान करने की प्रणाली का सूत्रपात	2.10
	जोड़	52.47

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : अध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का नम्बर 181 है और मंत्री महोदय ने अपने लिखित उत्तर में बता दिया है कि उत्तर प्रदेश ने 181 करोड़ रुपये की मांग की है । मुझे विशेष आश्चर्य उन के इस रिमार्क पर हुआ कि उत्तर प्रदेश की प्रगति में, या स्थिति में, कोई इस प्रकार का अन्तर नहीं है कि उसकी तरफ विशेष ध्यान दिया जा सके ।

प्रधान मंत्री, अणुशक्ति मंत्री, गृहकार्य मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : यह नहीं कहा है ।

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह ठीक है कि पहली तीनों पंच-वर्षीय योजनाओं में भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में कुल विनियोग का केवल ⅛ प्रतिशत उत्तर प्रदेश को दिया गया, जब कि आबादी के अनुपात से उसका भाग कम से कम 17 प्रतिशत होना चाहिए था । क्या यह भी ठीक है कि चौथी पंच-वर्षीय योजना में भी इस अन्याय को दूर करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है, क्योंकि जहां केन्द्रीय सरकार ने चौथी पंच-वर्षीय योजना में औद्योगिक क्षेत्र में 3500 करोड़ रुपये समस्त राज्यों के लिए रखे हैं, वहां उसमें से उत्तर प्रदेश के लिए केवल 126 करोड़ रुपये रखे गये हैं, यानी केवल 4 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के लिए रखा गया है ? क्या उत्तर प्रदेश के लोग यह समझें कि पिछले अठारह वर्षों में ही नहीं, बल्कि आगे आने वाले पांच वर्षों में भी, उत्तर प्रदेश के साथ यह अन्याय, पक्षपात और भेदभाव होता रहेगा और क्या उत्तर प्रदेश के लोगों को केवल यह कहकर सन्तुष्ट रखा जायगा कि प्रधान मंत्री उनके यहां से हैं ?

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: Sir, it is not a fact that in the fourth five year Plan, Uttar Pradesh was given only Rs. 136 crores. On the other hand, it has got Rs. 526 crores as Central assistance in the fourth five year Plan, and the Central assistance to Uttar Pradesh is steadily increasing during all these Plans.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री: अध्यक्ष महोदय, आप प्रधान मंत्री को कहें कि वह सवाल को समझें और जवाब दें।

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री: पहली तीन पंच-वर्षीय योजनाओं में उत्तर प्रदेश को 3.8 प्रतिशत और चौथी पंच-वर्षीय योजना में केवल 4 प्रतिशत दिया गया है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश को जो राशि दी जा रही है, वह क्या प्रतिशत पड़ेगी, जिससे मालूम पड़े कि हमारे साथ पक्षपात नहीं हो रहा है।

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: It is true that the population of Uttar Pradesh is quite big but the Central assistance for the Plan is not distributed only according to population. It is not a fact that Central aaistance to Uttar Pradesh is decreasing. On the other hand, if we see from the first five year Plan, we will find that the percentage of Central assistance is increasing as far as Uttar Pradesh is concerned.

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री: अध्यक्ष महोदय, मुझे आप की सहायता की आवश्यकता है, मैंने मंत्री महोदय से पूछा है कि चौथी पंच-वर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश को जो रकम दी जायेगी, वह कितने प्रतिशत पड़ेगी। वह इसका उत्तर क्यों नहीं देती हैं, ताकि स्पष्ट मालूम पड़े कि सरकार की क्या नीति है और क्या उत्तर प्रदेश के साथ किये गये अन्याय का परिमार्जन हो रहा है?

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: Of all the states, the percentage that Uttar Pradesh got is as follows: first Plan, 11.6; second Plan, 10.9; third Plan, 13.4; from 1966 to 1969, it was 14.9 per cent. In the fourth Plan, it is 14.6 per cent.

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री: अध्यक्ष महोदय, वैसे मेरे प्रश्न का उत्तर अब भी नहीं दिया गया है, लेकिन मैं फिर पूछना चाहता हूं कि क्या यह ठीक है कि 1968-69 तक केन्द्रीय सरकार ने पावर के लिए दूसरे प्रदेशों में 377 करोड़ रुपया खर्च किया, जबकि उत्तर प्रदेश में एक पाई भी खर्च नहीं की; यदि हां, तो चौथी पंचवर्षीय योजना में इस अन्याय और भेदभाव के परिमार्जन के लिए क्या केन्द्रीय सरकार पावर जेनीरेशन, विद्युत के उत्पादन की स्कीमों के लिए उत्तर प्रदेश को कोई विशेष सहायता देगी। इसके अतिरिक्त हमारे यहां विद्युत के उत्पादन के लिए एटामिक एनर्जी स्टेशन बनाने का प्रस्ताव है। क्या केन्द्रीय सरकार उस प्रस्ताव को स्वीकार करके उत्तर प्रदेश के साथ अब तक किये गये भेदभाव का परिमार्जन करेगी?

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: It is for the State to decide how much they should spend on the power projects. As far as the Centre is concerned,—(*Interruption*)—I am coming to the atomic power plant.

श्री रघुवीर सिंह शास्त्री: अध्यक्ष महोदय, वह साइड-ट्रैक कर रही हैं।

MR. SPEAKER: Please listen; have patience.

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: The Centre is giving block assistance to the States, and it is for the States to divide it in different heads. As far as Uttar Pradesh is concerned, and as far as the atomic power plant is concerned, there is a demand from Uttar Pradesh that there should be one atomic power plant in Uttar Pradesh, and it is under the consideration of the Planning Commission.

DR. RAM SUBHAG SINGH: It is a fact that the Government of Uttar Pradesh has proposed to the Government of India to increase the grant and that they are not getting the plan allocations according to their requirements and also according to their right. It is also a fact that the irrigation projects there are lying unimplemented, more particularly minor irrigation of which very little is under implementation, mostly in the chronically drought-affected areas in eastern Uttar Pradesh and also generally in the whole of Uttar Pradesh. Just a word about the question of power. May I know whether there is any proposal to depute the Deputy Chairman of the Planning Commission and the Member (Agriculture) to discuss the matter with the state Government of U. P.

and increase the Plan allocation and also to make a special grant which may not be governed by the Plan?

SHRIMATI INDIRA GANDHI: We fully share the concern of the hon. Member about the economic backwardness of many districts of U.P. . . .

AN HON. MEMBER: There are other backward States also.

SHRIMATI INDIRA GANDHI: Just now, we are considering one particular State. If I discuss all the States, then we go beyond the limits of this particular Question.

Hon. Members will appreciate that in this matter our hands are somewhat tied because it is not the Central Government which decides the distribution of Central assistance. It is the National Development Council that decides it. All State Chief Ministers are there. Even before the matter comes up before the National Development Council, these matters are discussed at all levels between the officials of the Union Govt., the Members of the Planning Commission and the representatives of the State Governments. Gradually, more and more of such matters are coming within the discretion of the States and less and less under the discretion of the Union Government.

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ: Who has the decisive voice?

SHRIMATI INDIRA GANDHI: The National Development Council has the decisive voice. . .

SHRI RANGA: You preside over it.

SHRIMATI INDIRA GANDHI: I do preside over it. But I cannot overrule the members of the National Development Council. If there is a general consensus amongst the Chief Ministers, I, certainly, cannot say that a particular State should get more or less. They have evolved certain criteria and the Central assistance is given according to those criteria.

Dr. Ram Subhag Singhji asked whether we would ask the Members of the Planning Commission to meet the State Government officials. This is a continuous process. Quite recently, I think, about two months ago, one of the Members, Shri Pitambar Pant, went to U.P. and discussed these matters in detail, including irrigation and other matters. If it is felt necessary, certainly, there is no objection to further discussions being be held.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: अध्यक्ष महोदय, स्वतन्त्र भारत के तीनों प्रधान मंत्री उत्तर प्रदेश से आये थे क्या इसलिए उत्तर प्रदेश की उपेक्षा हो रही है? मैं दो ठोस प्रश्न पूछना चाहता हूं। योजना आयोग ने यह तय किया था कि आंध्र, आसाम, जम्मू काश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, मैसूर, उड़ीसा, राजस्थान तथा पश्चिमी बंगाल के राज्यों के लिए चौथी पंचवर्षीय योजना के पांच वर्षों में विशेष सहायता दी जायगी क्योंकि इन राज्यों में घाटा होगा। इसके अनुसार सहायता दी गई। इसमें उत्तरप्रदेश नहीं था क्योंकि उत्तर प्रदेश घाटे का राज्य नहीं था। लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि योजना आयोग ने जो राज्य तय किए थे उनमें तामिलनाडू को कैसे जोड़ दिया गया? यह योजना आयोग के कागज मेरे पास हैं जिसके अनुसार तामिलनाडू को 22 करोड़ 82 लाख रुपये की विशेष सहायता दी गई। मुझे तामिलनाडू को सहायता देने में कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन यदि योजना आयोग के निर्णय में परिवर्तन करके तामिलनाडू की सहायता की जा सकती है तो उत्तर प्रदेश की सहायता क्यों नहीं की जा सकती?

मेरा दूसरा प्रश्न है कि बाढ़ और सूखे का जहां तक सवाल है उस मामले में सहायता देने में भी उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव हुआ है। यह योजना आयोग द्वारा दिए गए आंकड़े हैं। उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा प्रदेश है। वहां बाढ़ आती है, सूखा पड़ता है। लेकिन 1969-70 में केन्द्रीय सरकार ने 2.40 करोड़ की सहायता उत्तर प्रदेश को दी जब कि तामिलनाडू को 13 करोड़, राजस्थान को 53 करोड़ इस तरह से सहायता दी गई। तो मैं जानना चाहता हूं कि योजना आयोग

का निर्णय उत्तर प्रदेश के संबंध में परिवर्तित करने में क्या कठिनाई है और बाढ़ और सूखे के बारे में उत्तर प्रदेश को अधिक सहायता देने में कौन सी आपत्ति थी ?

श्री कमलनयन बजाज : तीन प्रधान मंत्री वहां से हो गए हैं, यही आपत्ति है।

श्रीमती इंदिरा गांधी : जितनी सहायता मिलती है वह कुछ नियम के अनुसार दी जाती है लेकिन कभी कभी अगर किसी राज्य को विशेष कठिनाई हो तो वेज एन्ड मीन्स एडवान्स मिल सकता है जो योजना काल में ही वापस ले लिया जाता है। । जहां तक उन्होंने आंकड़े दिए सूखे के और बाढ़ के, वह मेरे पास इस समय पूरे नहीं हैं। लेकिन मेरे ख्याल से जैसा पहले कहा गया है एक अधिकारियों का दल जाता है नुकसान के अनुमान के लिए और वह राज्य सरकार से बातचीत करके बताता है कि कितनी सहायता देनी है। उसके अनुसार दिया जाता है। उसके अलावा अगर कोई कठिनाई होती है तो उसमें भी हम पहले दे देते हैं जो बाद में अधिकारियों का दल जाता है और सिफारिश करता है तो उसके अनुसार सहायता दी जाती है। जैसे गुजरात में कुछ घोषणा की थी, उत्तर प्रदेश में भी एनाउन्समेंट किया था. . . (**व्यवधान**) . . .

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उत्तर प्रदेश में यह रकम बहुत कम है, इसका जवाब क्या है ?

श्रीमती इंदिरा गांधी : इसके आंकड़े अभी मेरे पास नहीं हैं। मैं इसको देखकर बताऊंगी।

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, केन्द्रीय सहायता का प्रश्न प्रादेशिक गैर-बराबरी से जुड़ा हुआ है। मैं प्रधानमंत्री से जानना चाहता हूं कि केन्द्र के द्वारा विभिन्न राज्यों में फी व्यक्ति, कुल कितनी पूंजी लगाई गई है, कितनी सहायता की गई है और उसमें फाइनेन्शियल इंस्टीट्यूशंस को भी जोड़ दीजिए, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन, बैंक्स वगैरह सब को शामिल कर लीजिए ? यह चार पांच साल से प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष के साथ और इनके साथ हमारा पत्र-व्यवहार चल रहा है। प्रादेशिक गैर-बराबरी का सवाल तभी हल होगा जब केन्द्र के द्वारा और केन्द्रीय संस्थाओं के द्वारा कितना खर्च विभिन्न राज्यों में फी व्यक्ति किया जा रहा है इसके आंकड़े सदन के सामने आएंगे। तभी यह पता चलेगा कि उत्तर प्रदेश के साथ, पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ और पहाड़ी इलाकों के साथ अन्याय हुआ है या नहीं। तो क्या प्रधान मंत्री इसका जवाब देंगी ?

MR. SPEAKER: This is not within the scope of the question.

श्री मधु लिमये : उसी के बारे में मैं पूछ रहा हूं। केन्द्रीय सहायता से अध्यक्ष महोदय, क्या मतलब है ? विभिन्न राज्यों में जो केन्द्र के द्वारा पूंजी लगाई गई है वह क्या केन्द्रीय सहायता नहीं है ?

MR. SPEAKER: Please put a specific question on it. This is too general a question. This relates to UP and their demand. But you are covering the whole country.

श्री मधु लिमये : यह बिलकुल इस प्रश्न से उठता है। अगर प्रधान मंत्री जी तुरंत जवाब नहीं दे सकती हैं तो सदन को आश्वासन दें कि सभा पटल पर पर-कैपिटा जो इस तरह केन्द्र की पूंजी लगी है, उसका ब्यौरा रखेंगी।

MR. SPEAKER: You can put a separate question, but it does not arise out of this.

श्री मधु लिमये : प्लानिंग कमीशन से इसके बारे में हमारा पत्र-व्यवहार चल रहा था। इनकम और खर्चे के आंकड़े आने चाहिए।

MR. SPEAKER: I am very sorry, Mr. Madhu Limaye. This is a question about the

reconsideration demanded by UP. You can ask a specific question asking all the information but not out of this.

SHRI MADHU LIMAYE: I tried to put the whole thing in the proper perspective.

श्री प्रकाश वीर शास्त्री : अध्यक्ष महोदय, बैंकों में जो उत्तर प्रदेश का रुपया जमा है वह कुल राशि का 8 प्रतिशत है और बैंकों से जो उत्तर प्रदेश को मिला है वह कुल मिलाकर 4 प्रतिशत है जब कि बंगाल और मद्रास को बैंकों से सौ प्रतिशत तक ऋण दिए गए हैं। एक तो मैं यह जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के साथ यह भेदभाव क्यों है?

दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि जितने भी ऋण देने वाले संगठन हैं जैसे इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन है, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड है, ऐग्रीकल्चरल री-फाइनेंस कारपोरेशन है इसका एक भी संगठन उत्तर प्रदेश में नहीं है।

तीसरी बात यह है कि सिंचाई मंत्री डा० के० एल० राव यहां बैठे हैं। इन्होंने अभी तीन-चार दिन पहले बताया, उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव की स्थिति क्या है, उसका अनुमान आप इनके बनान से लगा सकते हैं—ड्रेनेज स्कीम के लिए 33 करोड़ पंजाब को और 2 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश को दिए हैं। इसीसे आप अन्दाजा लगाइए कि उत्तर प्रदेश के साथ किस तरह से सौतेली मां का व्यवहार केन्द्रीय सरकार कर रही है। मैं यह जानना चाहता हूं कि इन सारी बुराइयों को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश की ओर से जो 181 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग की गई है, उसके सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए, क्या आप फिर से चौथी पंच वर्षीय योजना में विचार करेंगे?

अध्यक्ष महोदय : इनके लिए बढ़ा दीजिए, लेकिन पंजाब का न घटाइये।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : अध्यक्ष महोदय, इस समय हमारे पास जो धनराशि है, वह सीमित है, अब यदि कहीं बढ़ेगा तो कहीं घटेगा भी।....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : तो उत्तर प्रदेश का बढ़ा दीजिये।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : इन्होंने अभी सिंचाई के बारे में मिसाल दी—यह सब प्रान्त का विषय है, उनको बाहर से नहीं मिल रहा है। अब यह उत्तर प्रदेश के हाथ में है कि अपनी योजना में वे किन किन परियोजनाओं को लेंगे और कितना वे अपने राज्य के संसोधनों को बढ़ा सकते हैं। आज के अखबार में आपने देखा होगा कि राज्य के संसाधन कुछ घट गये हैं। तो यह राज्य सरकार के हाथ में है कि किस तरह से वे उसका वितरण निर्धारित करेंगे और किस तरह से बढ़ायेंगे। इसमें केन्द्र कुछ नहीं कर सकता है, हम तो ज्यादा से ज्यादा सलाह दे सकते हैं।

श्री मधु लिमये : ये सौतेली मां है या सुपुत्री—इस का जवाब नहीं आया।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : जहां तक वित्तीय संस्थानों की बात है, उसके आंकड़े इस समय मेरे पास नहीं हैं।

श्री मधु लिमये : आप इकट्ठे कीजिये।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : इकट्ठे हो सकते हैं, लेकिन उसमें भी मेरे ख्याल में हम उन पर बहुत कुछ जोर नहीं दे सकते हैं। मैं पहले भी कह चुकी हूं—हर वक्त सौतेली मां के पीछे पड़े रहना इस सदन के लिये बिलकुल ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसी स्थिति कभी कभी आती है। यह पुराने जमाने की बात थी, आजकल आधुनिक मनोविज्ञान में सौतेली मां का व्यवहार वही होता है जो मां का होता है। ....(**व्यवधान**)....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यह इन्होंने मान लिया है कि सौतेली मां हैं।

श्री रवि राय : यह इन्होंने कुबूल किया है.... (**व्यवधान**) ....

श्री कमलनयन बजाज : क्या प्रधान मंत्रीजी ने यह कहा है कि सौतेली मां का जैसा व्यवहार होता है, वैसा मां का होना चाहिए, या माँ का जैसा होता है, वैसा सौतेली मां का होना चाहिये ?

श्रीमती इन्दिरा गांधी : जैसा मां का होना चाहिये, वैसा होना चाहिये, लेकिन मैं मां नहीं हूं, मैं पुत्री हूं ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री: अध्यक्ष महोदय, आपने मेरा प्रश्न सुना होगा । प्रधान मंत्रीजी ने जितना बल सौतेली माँ को बचाने पर दिया, उसकी बजाय अगर इस बात को बताती तो ज्यादा अच्छा था–कि बैंकों में हमारे प्रान्त का 8 प्रतिशत भाग है, लेकिन दिया जा रहा है केवल 4 प्रतिशत, जब कि बंगाल और मद्रास में 100–100 प्रतिशत तक ऋण मिला है । उत्तर प्रदेश को ज्यादा से ज्यादा ऋण मिल सके–इस दिशा में आप क्या निर्णय लेंगी ?

श्रीमती इन्दिरा गांधी : मैंने अभी कहा है कि बैंकों के सम्बन्ध में मेरे पास इस समय आंकड़े नहीं है । दूसरी बात यह है कि केन्द्र सरकार निर्णय नहीं करती है कि बैंक कितना देंगे, हर एक बैंक का अपना बोर्ड है, उनके पास योजनायें आती हैं और वे उन पर वे विचार करते हैं ....।

श्री हुकम चन्द कछवाय : लेकिन ये तो आपके हाथ में है ।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : हमारे हाथ में नहीं है । आप लोग जरूर यह कहते रहते हैं कि हम खुद करते हैं, लेकिन ये सब चीजें उन के बोर्ड अपनी अकल से करते हैं । हमने तो उनके लिये एक मापदण्ड बनाया है, जो बनाना बहुत आवश्यक था ।

MR. SPEAKER: Shri Lakkappa, please confine yourself to U.P. only and do not go to Mysore.

SHRI K. LAKKAPPA: Sir, when the Prime Minister visited U.P., she made a statement that a particular person was ruling U.P. for such a long time, namely, Shri C.B. Gupta and during that period the entire U.P. has fallen into backwardness. In that respect, she made such a statement knowing fully well that such a backwardness was prevailing in U.P. I want to know whether the Prime Minister has taken any concrete steps to see that the backwardness is removed in U.P. There are allegations even from this House and also outside. When she visited that place there was a Memorandum submitted. She made the statement that Mr. Gupta ruled U.P. for such a long time and backwardness has crept in. After her visit to the State, she has got first-hand knowledge of the position. In the light of this, may I know what action she is going to take to relieve the people of the suffering?

SHRIMATI INDIRA GANDHI: I do not know what was reported. But I do not remember making any such categorical statement. However what I did, say and what I have repeatedly said is that unfortunately, in UP as also in some other backward states, not much effort was made to build an infrastructure so that these States or areas could benefit from the schemes of the Government. This is what has happened, and now we must concentrate on building this infrastructure. This is the reason why some areas have been able to advance although the same programmes are available for all.

SHRI S. M. BANERJEE: Recently, the UP Government have demanded Rs. 180 crores from the Central Government, and Rs. 100 crores especially for increasing the dearness allowance and pay-scales of the State Government employees of UP so as to bring them on a par with the Central Government employees, and also to meet the shortfall on account of the abolition of profession tax, which has been announced recently and which will come into effect from the 1st week of . . .

MR. SPEAKER: I think the hon. Member is going away from the main question... .

SHRI S. M. BANERJEE: Other Members have asked three questions, but I am asking only one question.

SHRI PILOO MODY: Relevance is not in question.

SHRI S. M. BANERJEE: It is relevant. It is there in the statement.

MR. SPEAKER: Whatever he says is relevant according to him, but I have to judge its relevance on other points also.

SHRI S. M. BANERJEE: I am basing my question on the statement. They have asked for a sum of Rs. 102 crores for increasing the dearness allowance and pay-scales of the State Government employees. . .

MR. SPEAKER: The hon. Member is reverting back to pay-scales, which is his favourite subject.

SHRI S. M. BANERJEE: It is there in the statement.

SHRI PILOO MODY: If they are going to ask for more, they are going to get less.

SHRI S. M. BANERJEE: They have also proposed to abolish profession tax and exempt uneconomic land holdings from land revenue.

MR. SPEAKER: I can allow the hon. Member to put these questions some other time. Now, it is not relevant.

SHRI S.M. BANERJEE: It is there in the statement, which says:

"Special accommodation to cover the estimated shortfall in State's resources as a result of following measures:

Payment of interim relief to employees of the State Government. . . "

The total asked for under this head is Rs. 52.47 crores. . .

MR. SPEAKER: The hon. Member has skipped over the other items.

SHRI HEM BARUA: It seems you have read the statement.

SHRI S. M. BANERJEE: I would like to know whether the Central Government will increase it to Rs. 180 crores. They are also abolishing profession tax which is being opposed by everyone. I would like to know why this sum of Rs. 180 crores has been denied to them, and why more industries are not coming up in UP to remove the backwardness of UP.

MR. SPEAKER: He has taken pains to connect it with the question. I think a little bit connection is there, and so, the hon. Minister should reply.

SHRI S. M. BANERJEE: It is there in the statement.

SHRIMATI NANDINI SATPATHY *rose.*

MR. SPEAKER: I have seen the statement. Every statement from his mouth leads to that.

SHRI S. M. BANERJEE: I take serious objection to this. It is there in the statement. Kindly read it. Do not try to ridicule me on everything. This is not a good sense of humour; it is a very crude sense of humour.

MR. SPEAKER: The hon. Member may kindly sit down. His question is not relevant.

SHRI S. M. BANERJEE: It is relevant. Kindly read the statement.

MR. SPEAKER: It is not relevant.

SHRI S. M. BANERJEE: I am sorry. It is relevant. I would like to walk out. This is step-motherly treatment towards UP. I am sorry to say this. The statement contains this portion. Kindly read the statement. The question of interim relief has been mentioned there. The UP Chief Minister has demanded Rs. 100 crores for such and such things. The payment of interim relief to employees of the State Government is there in the statement. Am I not correct? Is it not there in the statement? If it is there, then what is irrelevant in my question.

MR. SPEAKER: In reply to an earlier question, the hon. Minister had covered it already.

SHRI S. M. BANERJEE: In the statement, it is said that the total amount is Rs.

52.47 crores. But the demand is Rs. 180 crores. I want to know whether the Central Government is going to pay that amount or not. If everything is covered, then what is the use of allowing supplementary questions?

What is the use of our asking questions if this is how they are dealt with? I am very sorry. I walk out. This is an injustice to UP.

MR. SPEAKER: Let him please sit down. On a number of occasions, he has been putting this question and I have been allowing him many times.

SHRI S. M. BANERJEE: This is not about Central Government employees. Kindly understand it. They want money to be paid to the State Government employees. There are two categories of employees—State Government employees and Central Government employees.

MR. SPEAKER: Every time he comes with it and every time I tell him that he has already asked it on a number of occasions. Even yesterday he raised it after lunch hour when there was no occasion for it. Even in this, when the Minister has already given a very comprehensive reply about what the Development Council has done and so on, there is no occasion to go into details. It is not relevant.

Then he always tries to cow me down. I do not like it; I am not going to tolerate it.

SHRI S.M. BANERJEE: There is no question of cowing you down. On a personal personalation. . .

MR. SPEAKER: This will not prevail.

SHRI S. M. BANERJEE: On a point of order. I would like to know how it is irrelevant.

MR. SPEAKER: I do not agree to it. This is my ruling. This is not relevant. I have given him a final warning.

SHRI S. M. BANERJEE: I cannot understand this 'final warning'. Am I not entitled to put a question?

MR. SPEAKER: I am not going to allow it. He may walk out or he may remain.

SHRI S. M. BANERJEE: I am going to walk out. This is injustice to me, this is injustice to 6 crores of people in UP which is neglected by the Prime Minister, by every Minister. You are also a party to it.

MR. SPEAKER: Will he please move out?

SHRI RANDHIR SINGH: This should be expunged.

MR. SPEAKER: His behaviour has been most impertinent. I have warned him a number of times. I am not going to tolerate this.

SHRI S. M. BANERJEE: What have I said or done?

MR. SPEAKER: I warn him that if goes on persisting like this, I am not going to tolerate it.

SHRI S. M. BANERJEE: You are disallowing my question.

MR. SPEAKER: He has been doing it persistently since sometime now.

SHRI S. M. BANERJEE: What have I said or done?

SHRI S. KUNDU: Will this dialogue between you and the hon. member come to an end?

SHRI KAMALNAYAN BAJAJ: You have been warning him so many times. He does not take any notice of it.

MR. SPEAKER: Next question.

SHRI RANGA: He cannot be allowed to hold the House to ransom. You have been exclaiming against him so many times. But the Leader of the House does not come to your rescue. It is a shame. She is only the Prime Minister; she ought not to be the Leader of the House.

Allotment of imported Cars to Ministries by S.T.C.

*183. SHRI P.K. DEO: Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state:

(a) whether he is aware that the Ministries

of the Government of India even now are being allotted imported cars to be used as Staff Cars;

(b) whether instructions were issued some time back banning the use of imported cars by the Ministries of the Government of India; and

(c) if so, why such allotments by the State Trading Corporation still continue in favour of the Ministries?

THE MINISTER OF FOREIGN TRADE (SHRI L. N. MISHRA): (a) Under the current procedure, each Ministry/Independent Department is allowed to have one imported car, purchased from the S.T.C., for Minister's use.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

SHRI P. K. DEO: Is it not a fact that the late Pandit Nehru and Shri Lal Bahadur Shastri had given a directive that all the staff cars should be indigenous and no imported ones should be used as staff cars? Secondly, we know that certain quotas are usually fixed from the STC for use of the Ministries. The public are denied the facility of purchasing imported cars because usually permits are not given for importing foreign cars. The STC also lose revenue because these cars ment for staff are not put to auction by them. So, is it not a fact that these modern princes who are sitting in the Treasury Benches are indulging in this luxry at the cost of the poor taxpayer and there has been violation of the direction given by Pandit Jawaharlal Nehru and Shri Lal Bahadur Shastri in this regard?

SHRI L. N. MISHRA: I have already said in reply to part (b) of the question that there was no such direction. There was a letter from the former Prime Minister, Lal Bahadurji suggesting that there should not be many cars in the Ministry, especially imported ones, and that is why the decision was taken that each Ministry can have one car. The cars are purchased by the Ministries at the reserve price, which is the average of three auction prices. The rest of the cars are open for auction to the public, and there are a number of people who turn up and participate in the auction and they do purchase. There is no difficulty about that.

SHRI P. K. DEO: There is a regular complaint that these staff cars are being misused for domestic purposes. So, I would like to know if any instructions have been issued by the Government to the effect that the cars are not to be use for private purposes.

SHRI L. N. MISHRA: I do not think that these cars are used for private purposes. If they are used, it is entered in the log book, and Ministers are expected to make payment for that.

SHRI H. N. MUKERJEE: Has it is not struck the Government that the flaunting of these posh imported limousines either by individual Ministers or by their departments, when we do not manufacture them, is an advertisement of national humiliation, particularly when only for ceremonial purposes such exceptions can be allowed, but we see large numbers of these enormous limou sines going about the streets of Delhi, belonging either to the Ministers for their personal use or to the Ministries, whichever it might be. Has it not struck the Government that this is entirely a most undesirable kind of proceeding which goes against the grain of dignity and national self-respect?

SHRI L. N. MISHRA: This is merely an expression of opinion. It is not a large number. Hardly 30 to 40 cars are with the Government of India, excluding Rashtrapati Bhavan.

SHRI TENNETI VISHWANATHAM: They are not only large in number but also in size.

श्री कंवरलाल गुप्त : क्या यह सही है कि कई मंत्रालयों में ऐयर कन्डीशन्ड कार्स भी हैं ? अगर यह सही है तो क्या सरकार इस बात का निर्णय लेगी क्योंकि स्वयं पं० जवाहर लाल नेहरू कभी भी इम्पोर्टेड कार में नहीं जाते थे, जहां तक मुझे याद है किसी सेरिमनी को छोड़ कर वे एम्बेसेडर कार या हिन्दुस्तान कार ही यूज करते थे इसलिए क्या सरकार इस प्रकार के आदेश देगी कि हरएक मंत्री और उसका मंत्रालय केवल भारत में बनी हुई गाड़ियां इस्तेमाल करे, इम्पोर्टेड कार्स का इस्तेमाल न करे ?

दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि कुल कितनी इम्पोर्टेड गाड़ियां–ऐयरकन्डीशन्ड या दूसरी–अभी सरकार के पास हैं और पिछले साल कितनी गाड़ियां खरीदी गईं ?

श्री ल० ना० मिश्र : नयी गाड़ी एक भी नहीं है, सभी पुरानी हैं जोकि एम्बेसीज के लोग एस टी सी के हाथ बेचते हैं । माननीय सदस्य जानते हैं कि सन 1964 के पहले एम्बेसीज के लोगों को छूट थी कि वे अपनी कारें कहीं भी बेच सकते थे लेकिन उसके बाद पंडित जी के जमाने में ही यह बात लगी कि वे अपनी गाड़िया एस टी सी के हाथ ही बेच सकते हैं । अब अगर कोई गाड़ी ऐयर कन्डीशन्ड है तो उसका ऐयरकन्डीशनर निकाला तो नहीं जासकता है । फिर ऐयरकन्डीशन्ड गाड़ी का एक दाम होता है और दूसरी गाड़ियों का दूसरा दाम होता है ।

जहां तक मंत्रालयों में गाड़ियों की संख्या की बात है, या उनको एस टी सी द्वारा वापिस ले लेने की बात है इस विषय पर इस समय में कुछ नहीं कह सकता लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि इसमें एस टी सी को कोई नुकसान नहीं है । इसमें से बहुत-सी गाड़ियां हम टूरिस्ट आर्गेनाइजेशन्स को देते हैं और दूसरे बहुत से लोगों को भी देते हैं । ये बहुत से नाम हैं जोकि स्टेटमेन्ट में लिखे हुए है । . . .

श्री कंवरलाल गुप्त : आपने यह नहीं बताया कि सरकार के पास कितनी गाड़ियां हैं और पिछले साल कितनी खरीदी गईं ?

श्री ल० ना० मिश्र : आपने शायद सुना नहीं, मैंने श्री पी के देव के प्रश्न के उत्तर में बताया था कि विभिन्न मंत्रालयों में तीस या चालीस से ज्यादा गाड़ियां नहीं हैं ।

श्री मु० अ० खां : क्या यह बात सही है कि हिन्दुस्तान की बनी हुई कारों के मेंटेनैंस पर बनिस्बत इम्पोर्टेड कारों के ज्यादा खर्चा आता है जैसे कि ऐम्बैसेडर और फिएट कारों के मेंटेनैंस पर इम्पोर्टेड कारों के मुकाबले ज्यादा खर्चा आता है ?

दूसरे वह इम्पोर्टेड कारें महज निकले हुए प्रिसेज के हक में ही न छोड़ दी जायं बल्कि दूसरों को भी उन कारों को इस्तेमाल करने का मौक़ा देना चाहिए ।

SHRI INDRAJIT GUPTA: The hon. Minister has told us that there is a restriction that each Ministry can have one imported car. I should like to know from him whether there is any similar restriction regarding the purchase or use of such cars by the various public sector undertakings under the Central Government because frequently we see the chairman and the managing directors and other bigwigs of the public sector corporations riding such imported limousines. Is there any restriction in their case or not? If so, what is the approximate number of such imported Cars with the public sector corporations?

SHRI L.N. MISHRA: There is a restriction that one organisation cannot have more than one car; there are hardly 15-20 cars with the public sector units. A large number of public sector units including the MMTC and others are using Ambassador or other Indian cars and not imported cars.

SHRI BAL RAJ MADHOK: I challenge this statement. Is he prepared to stand by that statement? Are you sure of the statement? You are making a wrong statement.

SHRI L. N. MISHRA: I said that these were the instructions of the Government. If there is more than one car with anyone, I should like to find out and inform the hon. House.

SHRI HEM BARUA: Is it not a fact that the psychology of using foreign cars by the Central Ministers has percolated to the States also and some of the State Ministers also use imported cars and if so are some restrictions going to be placed on such Ministers in different States not to have imported cars like this?

SHRI L. N. MISHRA: Only the Chief Ministers can have imported cars.

SHRI HEM BARUA: Others Ministers also have.

SHRI L. N. MISHRA: I do not know from where they got it; but from the STC only the Chief Ministers can have.

Agreement with Russia for exporting Goods from Soviet-assisted Projects

*185. SHRI RABI RAY: Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state:

(a) whether there is going to be an agreement with Russia under which she would import over the next five years manufactured products from the Soviet-assisted projects in India;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what would be the total value of those products?

THE MINISTER OF FOREIGN TRADE (SHRI L. N. MISHRA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The details and value of products to be supplied to Soviet Union during 1971-75 are expected to be discussed and finalised at the trade talks to be held in the near future between the delegations of the Government of India and the Government of USSR.

श्री रवि राय: अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि अभी तक सोवियत यूनियन की तरफ़ से हिन्दुस्तान में किन-किन पबलिक सैक्टर अंडरटेकिंग्स में कितना इनवैस्टमेंट हुआ है और उन पबलिक अंडरटेकिंग्स की तरफ़ से अभी तक कितना निर्यात हुआ है ?

श्री ल० ना० मिश्र: पबलिक सैक्टर सम्बन्धी पूरा विवरण मेरे पास इस समय नहीं है लेकिन कुल मिलाकर लगभग 525 या 530 करोड़ का करार उनके साथ पहले हुआ था और अगले साल के लिए ज्यादा होने की सम्भावना है ।

श्री रवि राय: मेरा दूसरा सवाल यह है कि सोवियत सरकार की ओर से शायद बोकारो में सब से ज्यादा इनवैस्टमेंट हुआ है तो मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या उनका ध्यान पबलिक अंडरटेकिंग्स कमेटी की उस सिफ़ारिश की तरफ़ गया है जोकि बोकारो स्टील प्लांट के सिलसिले में की गई है । मैं उस को कोट करना चाहता हूं :

"The Committee are not happy to know from the Ciairman of the Bokaro Steel and the Secretary of the Ministry of Steel that th. y were more or less compelled to accept the position because they were obliged to do so by the country giving foreign aid."

जब यह बोकारो स्टील प्लांट में रूस का सब से ज्यादा इनवैस्टमेंट है और इस बारे में पबलिक अंडरटेकिंग्स कमेटी की इस तरह की आलोचना है तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या इनका ध्यान इस तरफ़ गया है और उस दोष को सुधारने के लिए मंत्री महोदय की तरफ़ से और भारत सरकार की ओर से क्या क़दम उठाया गया है ?

श्री ल० ना० मिश्र: बोकारो स्टील प्लांट स्टील मिनिस्टरी के अधीन है । यह बात सही है कि बोकारो स्टील प्लांट अपने लक्ष्य से पीछे रह गया है लेकिन स्टील मंत्री उसे सुधारने में लगे हुए हैं । मेरी कल वहां के मैनेजिंग डाइरेक्टर व चेअरमैन से मुलाक़ात हुई थी । मेरे मंत्रालय के उनसे कुछ लेन देन है । उन्होंने मुझे बताया है कि हालत पहले से सुधर रही है।

श्री बलराज मधोक: क्या यह सत्य है कि रूस के कोलैबरेशन के साथ जितने पबलिक सैक्टर कारख़ाने यहां बनाये गये हैं उन सबका कौस्ट आफ़ प्रोडक्शन मुकाबलतन बाक़ियों के अधिक है क्योंकि उनकी मशीनरी पुरानी है और उनका माल भारत में लगता नहीं है । भिलाई के कारख़ाने के अन्दर वह रेल्स और स्ट्रक्चरल्स वगैरह जो तमाम बनाई हुई है भारत में वह सामान लगता नहीं है इसलिए वह माल कौस्ट प्राइस से भी कम रूस लेता है और क्या इससे हमारे देश की

अर्थ व्यवस्था को घाटा नहीं हो रहा है ? क्या सरकार आगे रूस के साथ कोई भी कोलैबरेशन करते वक्त यह देख लिया करेगी कि वह कोलैबरेशन भारत के हित में है और कहीं ऐसा तो नहीं है कि वह भारत के हित में न होकर रूस के हित में हो ?

श्री ल० ना० मिश्र: इसका हमेशा ख़याल रक्खा जाता है कि जब भी हम किसी के साथ तिजारती संधि या पैक्ट करें तो उसमें हमारे देश का कितना लाभ व हित है और रूस भी उससे अलग नहीं है अर्थात् अपवाद नहीं है। माननीय सदस्य भरोसा करें कि रूस के साथ भी यही हमारी बात लागू होती है और हम देखते हैं कि उससे हमें किस तरह ज्यादा से ज्यादा फ़ायदा हो सकता है। रूस के साथ इस तरीक़े से हमारा ऐक्सपोर्ट बढ़ता गया है और इम्पोर्ट उसी अनुपात से घटता गया है।

भिलाई के बारे में माननीय सदस्य ने जो पूछा है उसकी मुझे सूचना नहीं है कि हम घाटे में वहां का बना हुआ सामान बेचते हैं। जहां तक मुझे पता है यह बात ज़रूर है, जैसे आप जानते हैं रुपये में हम बेचते हैं डेफर्ड पेमेंट में ताकि ज्यादा से ज्यादा तिजारत हमारी वहां से हो लेकिन घाटे की बात रूस के साथ भी नहीं है।

SHRI BAL RAJ MADHOK: He is making a wrong statement. We are selling rails and structurals to Russia at rates cheaper than the cost of production.

SHRI L. N. MISHRA: I am not aware of it.

SHRI BAL RAJ MADHOK: If you are not aware of it, make an enquiry and find out. Do not make a wrong statement like that.

SHRI L. N. MISHRA: My information as Minister of Foreign Trade is that we have not incurred any loss in any of the deals with the Soviet Union in the course of the last three years.

SHRI S. R. DAMANI: The hon. Minister says that our imports from the USSR will be more than Rs. 500 crores. What are the main items of our imports and cannot they be manufactured in the country indigenously? Are there any items which can be produced in the country but which are imported from the USSR? If so, what precautions has he taken to get those items manufactured in the country instead of importing them?

SHRI L. N. MISHRA: Our imports are mostly engineering goods, machine plants, etc. To say that they are available indigenously and still we import them, is not correct. Clearance from DGTD had to be obtained before entering into this kind of a transaction. Only when it is not available within the country we import materials or machines or plants from abroad; we do so only is our requirements cannot be fulfilled from indigenous production. . . (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: Next question. I have called the next question.

मध्य प्रदेश में पिछड़े क्षेत्रों का विकास

•187. **श्री हुकम चन्द कछवाय**: क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने पिछड़े क्षेत्रों में पुल तथा सड़क बनाकर उन क्षेत्रों के विकास के लिए 1967 में कोई प्रस्ताव योजना आयोग को भेजा था; और

(ख) राज्य सरकार ने तब से इस प्रयोजनार्थ कितनी सहायता की मांग की है और कितनी वित्तीय सहायता राज्य सरकार को दी गई है ?

राज्य मंत्री (श्रीमती नन्दिनी सत्पथी): (क) जी, हां। जैसा कि अतारांकित प्रश्न संख्या 4421 के उत्तर में जहाजरानी और परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री ने लोक सभा के पिछले सत्र में बताया था, मध्य प्रदेश सरकार ने जुलाई 1967 में योजना आयोग को एक प्रस्ताव मध्य प्रदेश के आठ जिलों

के पिछड़े क्षेत्रों में सड़कों के विकास के बारे में भेजा था।

(ख) राज्य सरकार ने इन सड़कों के लिए राज्य योजना से बाहर कोई विशिष्ट केन्द्रीय सहायता नहीं मांगी थी। ये सड़कें स्थानीय सड़कें हैं अतः राज्य के नियमित योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत इनके विकास का संबंध मुख्यतः राज्य सरकार से है।

श्री हुकुमचन्द कछवाय: मध्य प्रदेश सरकार ने 1967 में योजना आयोग को जो प्रस्ताव भेजा था उसमें यह बात कही गई थी कि इन आठ जिलों के विकास के लिये केन्द्रीय सरकार से धनराशि मिलेगी तो हम इन आठ जिलों का अच्छा विकास कर सकेंगे। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस पर विचार कर रही है ? मध्य प्रदेश बहुत पिछड़ा हुआ इलाका है। उसके पिछड़ेपन को देखते हुए इस समय आने वाली योजनाओं के लिए आपने कितनी धनराशि उनके विकास के लिए मंजूर किया है ?

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: The Government of India is responsible mainly for the national highways. In the fourth five year Plan, nearly Rs. 866 crores have been allotted for road development. Out of that, in the State sector, Madhya Pradesh has got Rs. 25.50 crores. It is entirely for the State Government to see that the roads which run inside the State are developed according to the State plan.

श्री हुकमचन्द कछवाय: इसमें बहुत से ऐसे इलाके हैं जहां राजमार्ग हैं और वह केन्द्रीय सरकार से सम्बन्धित हैं। इन राजमार्गों के विकास के लिए भी मांग आई है। कुछ ऐसी भी सड़कें हैं जो बिल्कुल केन्द्र से सम्बन्ध रखती हैं और जो अक्सर बन्द हो जाती हैं वर्षा के दिनों में। उन पर पुल बनाने की आवश्यकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए क्या कोई विशेष धनराशि उन सड़कों पर खर्च की जायेगी ?

श्रीमती नन्दिनी सत्पथी: जैसा मैंने बतलाया, जो नेशनल हाईवेज हैं उनके डेवेलपमेंट और उनके बनाने के लिए जितनी धनराशि की जरूरत होगी वह जरूर केन्द्रीय सरकार देगी।

श्री रणजीत सिंह: कई बार प्रदेश सरकारें केन्द्र से मदद मांगती हैं अपनी योजनाओं के लिए और कई बार केन्द्रीय सरकार यह कहकर मदद देती है कि हम फलां फलां पिछड़े इलाकों के लिए मदद दे रहे हैं। पिछड़े इलाकों के लिए ही मध्य प्रदेश सरकार ने योजना तैयार की है। यह कहकर इसको टाल देना कहां तक संगत है कि यह केन्द्र सरकार की योजना नहीं है, इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार पर है और प्रदेश सरकार इसको करे। मैं जानना चाहता हूं कि पिछड़े इलाकों के लिए, खासकर मध्यप्रदेश के इन पिछड़े इलाकों के लिए केन्द्रीय सरकार क्या मदद करेगी ? क्या यह सही नहीं है कि केन्द्रीय सरकार कुछ प्रदेशों को इस प्रकार की मदद देती है, जैसे अभी हाल में उत्तर प्रदेश को दिया है, हालांकि दिया किसी एक इलाके के लिए और चला गया दूसरे इलाके को। मैं जानना चाहता हूं कि इस प्रकार की मदद किन किन इलाकों को दी गई है और क्या उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाकों के लिए भी इस प्रकार की मदद दी जाएगी ?

SHRIMATI NANDINI SATPATHY: This is a question about roads in Madhya Pradesh; not a question about the development of backward areas. As far as the development of roads is concerned, it is not a fact that this question is put off. As I have already mentioned in my answer grant is given to different States according to plan, and Madhya Pradesh has got its share. But when Central assistance is given, it is not earmarked that this grant is for roads. A block grant or block assistance is given to the different States. It is for the State Governments to plan out and spend their money and see that backward areas are developed properly.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH: May I know whether it is a fact that certain State Governments, like the Punjab Government,

are taking up the construction of autobahns? If so, will the Government of India give adequate financial assistance to such State Governments which take up the construction of autobahns?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI IQBAL SINGH): With regard to a autobahns and other such roads, we are developing the national highways. Wherever resources are available, we change them from one lane to two lanes. That is our programme. About national highways, we are giving full assistance. About State roads, it is entirely for the State Governments to develop them.

SHRI HEM BARUA: On a point of order, Sir. The question is wrongly worded. Nude women are never prepared in the hotels of Delhi. Only nudity is exhibited. Therefore, it is wrongly worded.

MR. SPEAKER: I do not follow what you say, but no point of order should be raised. Whatever it is, you should bear it now.

दिल्ली के होटलों में कैबरे नृत्य

\+

*188. **श्री राजदेव सिंह :**
श्री श्री ओमप्रकाश त्यागी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दिल्ली के कई होटलों में कैबरे नृत्य के नाम से नग्न स्त्रियों का नृत्य करवाया जाता है;

(ख) क्या बम्बई तथा मद्रास में सम्बद्ध राज्य सरकारों ने होटलों में ऐसे नृत्यों पर प्रतिबंध लगा दिया है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार दिल्ली के होटलों में भी ऐसे नग्न नृत्यों पर प्रतिबंध लगाने का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में और इलेक्ट्रोनिक और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान विभागों में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त): (क) यह बताया गया है कि ऐसे कैबरे प्रदर्शन, जो आपत्तिजनक समझे जा सकते हैं, दिल्ली के कुछ होटलों और रेस्तरांओं में किये जाते हैं।

(ख) यह बताया गया है कि ऐसे कार्यक्रमों का विनियमित करने के लिए मद्रास सिटी पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत नियम बनाये गये हैं। बम्बई के होटल वालों ने कैबरे नृत्य के संबंध में एक आचरण संहिता स्वीकार कर ली है।

(ग) और (घ). दिल्ली प्रशासन इस बात की जांच कर रहा है कि क्या ऐसे नृत्यों को विनियमित किया जा सकता है।

श्री राजदेव सिंह : क्या मैं मंत्री महोदय से जान सकता हूं कि हमारे देश में कैबरे नृत्य कब से शुरू हुआ ?

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : आधुनिक रूप में कैबरे नृत्य तो हाल ही में शुरू हुआ होगा, लेकिन प्राचीन काल में क्या होता था, मैं नहीं कह सकता।

श्री राजदेव सिंह : क्या सरकार पूरे देश में इस प्रकार के नृत्य पर प्रतिबन्ध लगाने की सोच रही है ?

श्री कृष्ण चन्द्र पन्त : जी हां, कई राज्यों में इस पर रोक लगाने की बात सोची जा रही है। जैसा मैंने अभी कहा, मद्रास में तो ऐसे नियम आज भी हैं, और बम्बई में वहां के होटल और रेस्टोरां वालों ने एक आचार संहिता कबूल की है। कई अन्य राज्यों में तो कैबरे नृत्य होते ही नहीं, इस लिये उन्होंने इसकी आवश्यकता महसूस नहीं की, जैसे असम में, बिहार में, हरियाणा में, जम्मू और काश्मीर में, नागालैंड में, पंजाब, राजस्थान मेघालय में, यूनियन टेरिटरी दादर

और नगर हवेली, हिमाचल प्रदेश, पांडिचेरी, नेफा, मणिपुर वगैरह में ।

SHRI M.L. SONDHI: The Home Minister has not informed the House correctly, because I learn that in Delhi, the Delhi police wanted to regulate this according to the Bombay Police Act. But one of the ministers issued instructions to the Deputy Commissioner that the Bombay Police Act should not be applied here.

AN HON. MEMBER: Who is that minister?

SHRI M. L. SONDHI: In Rajdoot Hotel in particular, there are nude cabaret shows and there are general drunkenness and brawls in the area. The police have been prevented by certain high-ups from taking action. There is great dissatisfaction in the area. This is an important matter and I crave your indulgence. There is a yoga ashram in the vicinity of our Parliament and nude dances are staged there. I have a complaint from a Mexican lady who alleges that she was poisoned by the manager of the Viswavadan, Ashram.

I want to get an assurance that the matter would not be hushed up. I have that complaint in writing with me and I crave your indulgence to read it out:

> "I, Gloria Torres, 30 years of age, certify and declare, being in the right use of my Senses, that I suspect my having received some poisonous substance while staying in Viswavadan Ashram in Parliament Street. I further believe that the substance was arsenic combined with some kind of Chinese root. The substance was staining my hair blacker. . . I suspect the Manager's hand in giving the poison in a piece of betel which gave me afterwards a vomitting sensation. I also suggest the investigation of the possible disappearance of one girl from Europe who, I believe, was formerly staying at the Ashram."

परन्तु सवाल यह है कि आज जो हिंसा की भावना देश में फैल रही है, जो आज सबवर्शन देश में हो रही है, उसका कुछ उस प्रकार की वायोलेंस से जिसका जीवन के अन्दर एक स्थान है, जिसका जीवन के अन्दर एक महत्व है, एक आधार भी है, क्या उसके साथ कोई मेल बैठता है ? पहली बात तो यह है कि हमें स्पष्ट होना चाहिए कि सबवर्शन किसे कहते हैं ? भारत एक लोकतंत्रीय देश है और लोकतंत्र में विचारों की स्वतंत्रता है । हम अपनी बात कह सकते हैं, इकट्ठे मिल सकते हैं, हम देश के अन्दर जो सामाजिक नीतियां हैं, आर्थिक नीतियां हैं, अन्य नीतियां हैं, उनके बारे में तथा समस्याओं के बारे में विचार रख सकते हैं । हम सरकार को बदलने का प्रयत्न भी कर सकते हैं । यह हमारा अधिकार है । उसके लिए नियम हैं, ढंग हैं और उसको करने के लिए कोई किसी को रोक नहीं सकता है, किसी पर कोई रोक नहीं है । लेकिन सबवर्शन वह है जो देश की एकता को भंग करती है, जो देश की प्रभुसत्ता को भंग करती है, जो देश के अन्दर संविधान है, जो देश का आर्गेनिक लॉ है, उसके विरुद्ध जाती है, सबवर्शन वह है जो देश के अन्दर किसी विदेशी शक्ति का खेल खेलकर देश के अन्दर तोड़-फोड़ करती है, विदेशी शक्ति के हित के लिए देश में काम करती हैं । क्या कोई इन्कार कर सकता है कि आज इस देश में ऐसे तत्व हैं—अकेले-दुकेले होते तो हम इन्हें क्रिमिनल्ज कह सकते थे—लेकिन अकेले-दुकेले नहीं हैं, आर्गेनाइज्ड तत्व हैं, जो विदेशी शक्तियों की ईमा पर देश को तोड़ फोड़ कर रहे हैं, इस देश के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं । माओ त्से तुंग का बहुत मशहूर वाक्य है :

> "Military advance must keep pace with political advance."

सैनिक आगे जब बढ़ता है जब राजनीतिक वातावरण अनुकूल हो । अगर उसके साथ-साथ राजनीति भी एडवांस नहीं करती है तो सेना की एडवांस कामयाब नहीं हो सकती है । इसीलिए हालांकि सन् 1962 में चीन की फौजें आगे बढ़ती गई और जीत भी गई परन्तु क्योंकि बंगाल के अन्दर पोलिटिकल तौर पर मैदान उनके अनुकूल नहीं था, इस वास्ते उन्हें वापिस जाना पड़ा । उस वक्त बंगाल के अंदर राजनीतिक तौर पर ग्राउंड तैयार नहीं था । उस वक्त राष्ट्रवाद मजबूत था और जो चीनी एजंट थे वे उस राष्ट्रवाद के सामने भाग कर चूहों की तरह बिलों में चले गए । माओ त्से तुंग ने देखा कि वातावरण अनुकूल नहीं है तो उन्होंने अपनी फौजों को पीछे हटने का आदेश दे दिया । पिछले आठ सालों के अन्दर बंगाल में तथा देश के अन्य भागों में राजनीतिक एडवांस, पोलिटिकल एडवांस करने की कोशिश की गई है और उस काम में वे लगे हुए हैं ताकि कल को अगर फिर भी चीन की मिलिटरी को एडवांस करना पड़े तो उसके लिए उसको ग्राउंड राइप मिले, जमीन तैयार मिले । यह जो कार्य हो रहा है चीन की ईमा पर, देश के दुश्मनों की ईमा पर उसको चाहे कम्युनिस्ट करते हों, राइट या लैफ्ट या नक्सलाइट,

मुझे उससे कोई वास्ता नहीं है । लेकिन आज इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता है कि हमारे देश में चीन के पंचमांगी हैं, रूस के पंचमांगी हैं, अमरीका के पंचमांगी हैं तथा दूसरे देशों के पंचमांगी हैं और उन देशों का खेल खेलने के लिए इस देश के अन्दर इस तरह की गतिविधियां कर रहे हैं । बंगाल में घटी गतिविधियां बड़े स्पष्ट रूप में सामने आ रही हैं तथा अन्य प्रदेशों में भी सामने आनी शुरू हो गई हैं । ये जो गतिविधियां हैं, यह सबवर्शन है । यह कहना कि इस देश के अन्दर आर्थिक विषमता है, नौजवानों में फ्रस्ट्रेशन है, सर्वथा ठीक है । मैं हिरेन बाबू से सहमत हूं । परन्तु हिरेन बाबू आज से बीस साल पहले युनिवर्सिटी में पढ़ाते थे । लेकिन मेरा आज भी नौजवानों से सम्बन्ध है । मैं उनको जानता हूं । . . . . . यह कहना कि हमारे नौजवान जो हैं वे इस कारण सारा कुछ कर रहे हैं, गलत बात है, बिल्कुल गलत बात है । ऐसा कह कर इस सदन को और देश को गलत रास्ते पर डाला जा रहा है । यह गलत रास्ते पर डालने वाली बात है । आज नौजवानों के अन्दर ऐसी कोई बात नहीं है । यह ठीक है कि हमारी आर्थिक नीतियां गलत हैं लेकिन उन गलत आर्थिक नीतियों को बदलने की जिम्मेदारी हमारे ऊपर है । आज भी हमारे देश के नौजवानों के अन्दर देश भक्ति है । परन्तु जहां पर देश भक्ति की भावना कमजोर हुई है, जहां पर राष्ट्रवाद की भावना कमजोर हुई है, जहां पर हमारी शक्ति कमजोर हुई है, वहां पर देश विरोधी शक्तियों ने सिर उठाया है । बंगाल के अन्दर आज जो कुछ हो रहा है, मैं जानता हूं उसके आर्थिक कारण भी हैं, सामाजिक कारण भी हैं । परन्तु सबसे बड़ा कारण यह है कि वहां पर राष्ट्रवादी शक्तियां कमजोर हैं, देश भक्त शक्तियां कमजोर हैं और इस कारण देश द्रोही तथा सबवर्सिव शक्तियों को सिर उठाने का मौका मिला है । काश आज डा० श्यामा प्रसाद मुकर्जी जीवित होते फिर हम देखते कि ये कम्युनिस्ट कैसे बंगाल में सिर उठाते हैं । ये उठा नहीं पाते । उनका देहांत हो गया, उनकी जेल में हत्या कर दी गई और जिन लोगों के हाथ में सत्ता रही है, कांग्रेस वालों के हाथ में, उन्होंने सिवाय अपना पेट भरने के और सिवाय वहां पर दादाओं को खड़ा करने के और कोई काम नहीं किया है । उन्होंने बंगाल की समस्या को हल नहीं किया है । वहां चूंकि राष्ट्रवाद की भावना में कमी आई है इस वास्ते आज जो परिस्थिति वहां है उस परिस्थिति में वहां का व्यक्ति दुखी है और इसलिए वह आसानी से शिकार हो रहा है । उन तत्वों का जो वहां तोड़ फोड़ के काम कर रहे हैं । जो तोड़ फोड़ का काम कर रहे हैं उनके पीछे एक आइडियोलोजी है, यह ठीक है या गलत लेकिन आइडियोलोजी है । उनके पास साधन भी हैं । वे केवल चीन के ऐजेंट ही नहीं पाकिस्तान के ऐजेंट भी हैं और बंगाल में जो कुछ हो रहा है, मुख्य रूप से चीन और पाकिस्तान के ऐजेंटों की मिली भगत से हो रहा है । उनके साथ जितने भी एंटीसोशल एलीमेंट हैं, जितना भी गुण्डा एलीमेंट है, वह मिल गया है । पहले जो डाका मारता था उसकी सारा संसार निन्दा किया करता था लेकिन आज दुर्भाग्य की बात है कि उसको पोलिटिकल कवर मिल गया है, डाकू भी रिसपैक्टेबल बन गए हैं, किसी का सिर काटना भी रिसपैक्टेबल बन गया है । यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है । इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की है, प्रधान मंत्री की है जिसने इस प्रकार के तत्वों को पोलिटिकल रिसपैक्टेबिलिटी दी है । आज उनको पोलिटिकल तत्व कहना, यह कहना कि यह आर्गेनाइज्ड पोलिटिकल ग्रुप है, गलत है । वे गुंडे हैं, देशद्रोही हैं, पंचमांगी हैं । जो पंचमांगी हैं, जो गुंडे हैं, जो देशद्रोही हैं उनके साथ कोई पोलिटिकल सेटलमेंट नहीं हो सकता है । उनके साथ पोलिटिकल सेटलमेंट की बात करना सबवर्शन को बढ़ावा देना है । उनको दबाने के लिए शक्ति का इस्तेमाल करना होगा । पंचमांगियों के साथ कभी सेटलमेंट नहीं किया जा सकता है ।

आज दुर्भाग्य यह है कि सरकार की इस गलत नीति के कारण इस देश के अन्दर और

[श्री बलराज मधोक]

भी पंचमांगी खड़े हो रहे हैं, मुस्लिम लीग भी खड़ी हो रही है। जिस तरह से नक्सलाइट्स का या कम्युनिस्टों का आर्गेनाइज्ड फिफ्थ कालम है, चीन का फिफ्थ कालम है देश में, इसी प्रकार मुस्लिम लीग आज पाकिस्तान का फिफ्थ कालम बन कर देश में खड़ी हो रही है। वह अपने टैंटेकल्ज, अपने शिकंजे फैला रही है।

आप देखें कि पाकिस्तान का आधार टूनेशन थ्यूरी है। अगर टूनेशन थ्यूरी खत्म होती है तो पाकिस्तान खत्म होता है। अभी पूर्वी बंगाल के अन्दर चुनाव होने जा रहे हैं। वहां हिन्दू दस परसेंट हैं। जितने हिन्दुस्तान में मुसलमान हैं, उतने हिन्दू पाकिस्तान में हैं। उन्होंने मांग की है कि हमें ज्वायंट इलैक्टोरेट दिया जाए और पाकिस्तान ने उनको ज्वायंट इलैक्टोरेट दे दिया है। उसको लेकर पाकिस्तान के आफिशल आर्गन, पाकिस्तान टाइम्ज के एडीटर ने एक एडीटोरियल लिखा कि वहां हिन्दुओं को ज्वायंट इलैक्टोरेट देकर पाकिस्तान सरकार ने बहुत बड़ी गलती की है, टूनेशन थ्यूरी की पीठ में छुरा घोंपा है। ज्वायंट इलैक्टोरेट से टूनेशन थ्यूरी खत्म हो जाएगी और पाकिस्तान का आधार ही खत्म हो जाएगा। इसलिए उसने मांग की है कि उनसे ज्वायंट इलैक्टोरेट छीन कर उनको सैपेरेट इलैक्टोरेट दिया जाए। जो एडीटोरियल पाकिस्तान टाइम्ज में मि० सुलेरी का छपा उसको अभी 11 अक्टूबर को हमारे स्टेटसमैन ने कोट किया है और कहा है कि वहां पर ज्वायंट इलैक्टोरेट के विरुद्ध आन्दोलन चलता है और यहां पर पाकिस्तानी पंचमांगी मुस्लिम लीग इत्यादि सैपेरेट इलैक्टोरेट की मांग उठा रहे हैं। क्यों? पाकिस्तान जानता है कि अगर भारत का मुसलमान हिन्दुस्तान के राष्ट्र-जीवन के साथ एकरूप हो गया, अगर हिन्दुस्तान में टू-नेशन थ्यूरी खत्म हो गई, तो जिस आधार पर पाकिस्तान बना है, वह आधार ही खत्म हो जायगा और पाकिस्तान का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा।

सभापति महोदय, मैं वैस्ट पंजाब का रहने वाला हूं। वहां के लोग जो बोली बोलते हैं, वही बोली मैं बोलता हूं। उनके बुजुर्ग मेरे बुजुर्ग हैं। अगर टू-नेशन थ्यूरी खत्म हो जाए, तो अमृतसर और लाहौर के बीच की दीवार नहीं रह सकती है। इसलिए पाकिस्तान के शासकों के निहित स्वार्थ, वेस्टिड इन्ट्रेस्ट हैं कि हिन्दुस्तान में टू-नेशन थ्यूरी कायम रहे। उसके लिए वे करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, लाखों एजेन्ट भेज रहे हैं। ये मजलिसे मुशावरात और मुस्लिम लीग उन्हीं एजेन्टों की गतिविधियों के परिणामस्वरूप हैं।

यह सरकार एक तरफ तो देश की एकता की बात करती है और दूसरी तरफ़ पाकिस्तान के एजेन्टों और पंचमांगियों को प्रश्रय देती है। पाकिस्तान की बात तो समझ में आती है। पाकिस्तान को भारत में मुस्लिम लीग चाहिए टू-नेशन थ्यूरी को जीवित रखने के लिए। पाकिस्तान अपने परपज़ के लिए यह खेल खेल रहा है और यह सरकार अपने परपज़ के लिए यह खेल खेल रही है। प्रधान मंत्री को यह कहते हुए शर्म भी नहीं आती है कि मुस्लिम लीग कम्यूनल नहीं है।

इसलिए मैं सबवर्शन के लिए केवल बंगाल के नौजवानों को दोष नहीं देता हूं। इस देश में जो सबवर्शन हो रहा है, उसके लिए सबसे बड़ी दोषी हमारी प्रधान मंत्री, श्रीमती इन्दिरा गांधी हैं। उनके वचन और कर्म ऐसे हैं, जिनके द्वारा सबवर्सिव फ़ोर्सिज को बल मिलता है। मुझे प्रसन्नता है कि जगजीवन बाबू बैठे हुए हैं। वह कई बार उन पर लगाम लगाने की कोशिश करते हैं। लेकिन उनकी लगाम काम नहीं करती है। जब वह ज़रा और होशियार हो जायेंगे, तो घोड़ी पर लगाम रख सकेंगे, लेकिन अभी वह ऐसा करने के काबिल नहीं

हैं। इसलिए वह घोड़ी तेज़ चल रही है। इसी कारण देश में सबवर्शिव एक्टिविटीज़ को बढ़ावा मिल रहा है।

देश के सामने बड़ी गम्भीर समस्या है। हम पाकिस्तान और चीन को दोष नहीं दे सकते हैं, क्योंकि वे दुश्मन हैं और दुश्मन हमारे देश के हालात को ख़राब करना चाहेंगे। लेकिन अगर हम उन हालात को ख़राब होने देते हैं और उनका खेल खेलते हैं, तो सबसे अधिक दोषी हम हैं।

जहां तक इस सरकार की नीतियों का सम्बन्ध है, लोग कई बार एक ठीक मांग लेकर जाते हैं, उसके लिए तर्क पेश करते हैं, कांस्टीट्यूशनल और डेमोक्रेटिक ढंग से उस मांग को मनवाना चाहते हैं, उसको पार्लियामेंट में और बाहर पेश करते हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है। परन्तु अगर उसी मांग के पीछे वायलेंस खड़ी कर दी जाए, बसें जलाना शुरू कर दिया जाए, तो सरकार उसी मांग को मान जाती है। This Government is putting a premium on violence. यह मेरा सबसे बड़ा चार्ज है।

जहां तक श्री हीरेन मुकर्जी का सम्बन्ध है, उनकी अपनी एक आइडियालोजी है। He believes in armed revolution, in violence. लेकिन जो गांधीवाद में विश्वास करते हैं, जो अहिंसा की बात करते हैं, वे अपनी नीतियों के द्वारा हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। So long as you go on encouraging violence, so long as you go on putting a premium on violence, violence is going to increase, whatever you may say.

इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इस देश में वायलेंस और सबवर्शन के जो मूल कारण हैं, हम उनका विश्लेषण करें। बिना किसी मर्ज़ की तशखीस के उसका इलाज नहीं हो सकता है। अगर मर्ज़ का निदान न करें, उसको डाइग्नोज़ न करें और उसका इलाज करें, तो इलाज नहीं हो सकता है। ये जो डाक्टर बैठे हुए हैं, ये उस मर्ज़ का डाइग्नोसिस करने के लिए तैयार नहीं हैं।

अन्त में मैं तीन चार सुझाव देना चाहता हूं। ये वायलेंट एक्टिविटीज़ और सबवर्शन देश के लिए ख़तरा है, यह तो सब मानते हैं। लेकिन उसका इलाज क्या है? पहली बात तो यह है कि हमें देश में ऐसे हालात पैदा करने होंगे, जिनमें इस प्रकार के सबवर्सिव एलिमेंट्स न पनप सकें। उसके लिए यह आवश्यक है कि देश में रूल आफ़ लॉ के लिए रेस्पेक्ट पैदा की जाये। दुनिया में दो ही ढंग हो सकते हैं: रूल आफ़ लॉ या लॉ आफ़ जंगल—बीच का कोई रास्ता नहीं है। हमारा तंत्र रूल आफ़ लॉ का तंत्र है। लेकिन अगर हम रूल आफ़ लॉ के तंत्र की बात करते हुए लॉ आफ़ जंगल को, लैंड ग्रैबिंग को, एनकरेज करेंगे, तो फिर रूल आफ़ लॉ नहीं रहेगा। हमें देश में ऐसे हालात पैदा करने होंगे, जिनमें रूल आफ़ लॉ चले और लॉ के द्वारा लोगों की जेनविन ग्रीवेंसिज़, कठिनाइयों और शिकायतों को दूर किया जा सके और जिन ग़लत नीतियों के कारण देश के लोगों में फ्रस्ट्रेशन और निराशा है, उनको बदला जाये।

इसके अलावा देश में प्रबल देशभक्ति का भाव पैदा करना होगा। दुनिया के और बहुत से मुल्क हैं, जिनमें आर्थिक और सामाजिक हालात हमसे भी बदतर थे और हैं। परन्तु वहां कम्युनिस्ट पांव नहीं जमा पाए, वहां सबवर्शन नहीं हो पाया, क्योंकि वहां देशभक्ति और राष्ट्रीयता का भाव रहा है। अगर देश में राष्ट्रीयता और देशभक्ति का भाव खत्म हो जायेगा, तो फिर कोई भी आदमी किसी का खेल खेलेगा। इसलिए देश में राष्ट्रीयता को प्रबल करना होगा।

हमारे भाई हर रोज कम्युनिज्म की रट लगाते हैं। मैं उनसे प्रार्थना करूंगा कि राष्ट्रीयता कोई इस देश की कल्पना नहीं है, बल्कि वह एक अन्तर्राष्ट्रीय कानसेप्ट है। राष्ट्रीयता के

[श्री बलराज मधोक]

जो आधार जर्मनी, जापान और इंग्लैंड में हैं, वही आधार भारत में हो सकते हैं। हम राष्ट्रीयता के आधारों और उसके प्रेरणास्रोतों को समझें और उनके आधार पर देश में प्रबल राष्ट्रवाद की भावना जगायें। अगर भारत में ऐसी प्रबल राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना जगेगी, तो फिर इस देश का कोई भी आदमी चीन या पाकिस्तान का एजेन्ट नहीं बनेगा।

यह भी जरूरी है कि हमारे देश में एक ला आफ़ ट्रीजन बनाया जाये। दुनिया के हर एक देश में ला आफ़ ट्रीजन है। जिसमें डिफ़ाइन किया गया है कि गद्दार कौन है। अभी तक हमारी स्टैटूट बुक में इसकी डेफ़िनीशन नहीं है कि ट्रेटर, देशद्रोही कौन है। इसको डिफ़ाइन किया जाये और अगर उस डेफ़िनीशन में मैं आता हूं, तो मुझ पर कोई रहम न किया जाये और अगर कोई और आता है, तो उस पर भी रहम न किया जाए। लेकिन ला आफ़ ट्रीजन बनाया जाना चाहिए और देशद्रोह के लिए सख्त सजा देनी चाहिए। हमारे यहां जो ट्रेटर हैं, जो काश्मीर को भारत से अलग करने की बात करते हैं जो देश में तोड़-फोड़ करते हैं, जो माओ और अयूब का गुणगान करते हैं, वे तो देशभक्त हैं। लेकिन जो भारत में भारतीयता की बात करता है, मेरे जैसे उस आदमी पर मुकदमा चलाया जाता है। ये इस सरकार के डबल स्टैंडर्ड हैं। इस सरकार को पता नहीं है कि देशद्रोही कौन है और देशभक्त कौन है। वह भले और बुरे का विवेक नहीं कर सकती है। जो सरकार भले और बुरे का विवेक नहीं कर सकती है, जो देशभक्ति और देशद्रोह में विवेक नहीं कर सकती है, वह देश की रक्षा कैसे करेगी? वह देश में सबवर्सिव एक्टिविटीज को चेक नहीं कर सकेगी।

हम सब, जो लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, मिलकर यह कोशिश करें कि देश में इस प्रकार के हालात पैदा न हों, हम सबवर्शन को चैक कर सकें और देशद्रोहियों की रोकथाम कर सकें। इसकी प्राइमरी जिम्मेदारी सरकार की है। अगर सरकार ढिलमिल रहेगी—अगर वह सी० पी० (एम०) पर निर्भर है, तो वह अच्छा है और अगर वह जरा अलग हो गया, तो बुरा; अगर जनसंघ उसका दोस्त बन गया, तो वह राष्ट्रवादी और प्रगतिशील हो गया और अगर वह उससे अलग हो गया, तो वह कम्युनल और रीएक्शनरी बन गया, अगर सरकार के सोचने का ढंग यही रहा, तो वह देश की स्थिति में कोई सुधार नहीं कर पायेगी। सरकार को अपने सोचने के इस ढंग को बदलना होगा। अलग-अलग पार्टियां रहेंगी, लेकिन जहां तक राष्ट्रवाद, राष्ट्रीयता और राष्ट्रप्रेम का ताल्लुक है, उसके बारे में अलग-अलग मैयार और अलग-अलग कसौटियां और स्टैंडर्ड नहीं हो सकते हैं। देश में जो देशद्रोही शक्तियां हैं, उनके बारे में यह नीति कभी नहीं अपनानी चाहिए कि कभी उनको हमारे खिलाफ और कभी हमको उनके ख़िलाफ़ इस्तेमाल किया जाये। हम सब मिलकर काम करें और किसी प्रकार के देशद्रोही तत्वों को, चाहे वे चीन के एजेन्ट हों और चाहे पाकिस्तान के, कोई क्वार्टर न दें। ऐसा करने से हमको पोलीटिकल लाभ हो या हानि, हमारी पार्टी को चन्द वोट मिलें या न मिलें, लेकिन हम देश के व्यापक हितों का विचार करके कोई योजना बनायें। यह समय की आवश्यकता है। मुझे आशा है कि सदन और सरकार इस पर ध्यान देगी। धन्यवाद।

श्री शशि भूषण (खरगोन): सभापति महोदय, मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई है कि मेरे साथी राष्ट्रीयता, प्रजातंत्र और गांधीजी की बात कर रहे हैं। जब हम उन लोगों के मुंह से यह बात सुनते हैं, जो एक झंडा, एक गुरु और एक धर्म पर विश्वास करते हैं, जो प्रजातंत्र के विपरीत एक फ़ाशिस्ट ढंग से एक राष्ट्र के सिद्धान्त पर विश्वास करते हैं,. . .

श्री बलराज मधोक : श्री शशि भूषण इस हाउस के एक आनरेबल मेम्बर हैं। गाली देने के लिए उनको छुट्टी है। वह गाली दे सकते हैं। लेकिन हाउस के सामने इस वक्त जो इस्यू है, वह उस पर बोलें।

श्री शशि भूषण : माननीय सदस्य तो प्रधान मंत्री के बारे में कितना कह रहे थे। मैंने तो कुछ कहा ही नहीं है।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : ऐसा मालूम होता है कि भूत गीता पढ़ रहा है।

श्री शशि भूषण : जो प्रजातंत्र पर कभी विश्वास नहीं रखते हैं, जो हिन्दुस्तान में एक विदेशी विचार-धारा, फ़ासिस्ट विचार-धारा, लागू करना चाहते हैं, वे आज प्रजातंत्र की बात करते हैं। ब्रिटिश ज़माने में हिन्दुस्तान की आज़ादी की लड़ाई में वे अंग्रेज़ी फ़ौज में भर्ती कराते थे और आज वे प्रजातंत्र की बात करते हैं। हिन्दुस्तान में प्रजातंत्र कायम करने के लिए भगतसिंह ने कुर्बानी दी। सभापति महोदय, आप भी जेलों में गये। देश में जो प्रजातंत्रीय शक्तियां हैं, उन्होंने इन लोगों को मजबूर कर दिया है कि वह सही रास्ते पर आएं और खुशी की बात है कि कम से कम अब वह प्रजातंत्र की बातें करते हैं। वरना उनके दल के लोग सुबह जब रोज झंडा लेकर खड़े होते हैं, उस वक्त का उनका संभाषण कोई सुने तो पता चले कि प्रजातंत्र का कोई नामोनिशां नहीं है। जहां तक कहा गया कि हिंसा का वातावरण संसार में बहुत बढ़ गया है, मैं कहना चाहता हूं जो लोग यहां सतयुग के प्रतिनिधि हैं उनसे कि कलियुग में हिंसा बहुत कम है। सतयुग में बहुत बड़े-बड़े महाभारत और बड़ी-बड़ी लड़ाइयां हुई। आज तो हिंसा और लड़ाई कम है।. . . (**व्यवधान**) उस वक्त में ज्यादा लड़ाइयां और झगड़े होते थे। आज सारी दुनिया में विश्व-शांति लोग चाहते हैं और बड़े युद्ध से डरते भी हैं। आज हम हिंसा को पहचानने लगे हैं। पहले लोग हिंसा को पहचान नहीं पाये। आज की दुनिया में सारे मानव समाज की बात मैं कर रहा हूं। इसलिए हिंसा के खिलाफ जो एक विरोध है वह सब जगह है। लेकिन इसके बाद भी आज लोग यह भी पहचानने लगे हैं कि आखिर यह जो बड़े और छोटे का भेद है उसको बढ़ाने वाली शक्तियां कौन हैं। जब उनके खिलाफ कोई बात की जाती है तो उस वक्त कुछ लोग कभी राष्ट्रवाद के नाम पर, कभी दूसरे नाम पर बड़े-बड़े पूंजीपतियों की, बड़े-बड़े राजे-महाराजों की रक्षा के लिए चौकीदार बन जाते हैं। यह राष्ट्रीयता के आडम्बर में रक्षा करते हैं। विदेशी पूंजीपतियों की, देशी पूंजीपतियों की और देशी राजे-महाराजों की। जहां तक कलकत्ते का सवाल है मैं पिछले दिनों वहां गया। वहां हालत यह है कि ज्योति बसु भी आराम से बाहर नहीं निकल सकते और ज्योतिर्मय बसु हमारे मित्र हैं, हम तो अहिंसा पर विश्वास करते हैं, अगर इन पर कोई नक्सलाइट हमला करता है, हाथ उठाता है तो मैं अपनी जान देकर भी इनकी रक्षा करूंगा। हम तो चाहते हैं कि जिस ढंग का भय का वातावरण सी० पी० आई० (एम) के जो कार्यकर्ता हैं उनके ऊपर छा गया है उसमें अगर हमारे हाउस की तरफ से उनके लिए कोई एल० आई० सी० के द्वारा फ्री इन्श्योरेंस करने का भी सुझाव आए तो हम चाहेंगे कि एल० आई० सी० की तरफ से इनको कम्पलसरी इन्श्योर्ड किया जाय, ताकि यह सुरक्षित रहें। हम तो यह चाहते हैं। लेकिन हालात यह हैं कि ज्योतिर्मय बसु, मैं और भूपेश गुप्ता एक बार अंडमान से आ रहे थे, रास्ते में देखा कि सैकड़ों आदमी लाठियां लेकर एक दूसरे पर डंडा चला रहे हैं। भूपेश ने कहा कि देखो भाई, यह क्या हो रहा है? इन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का बीस साल का मिसरूल है। मैंने कहा कि बीस साल में हमें किसी ने चेलेंज नहीं किया मारने को और आपके लिये तो एक साल में ही पहले-पहले सुबह होते ही 18 साल का नक्सलाइट लड़का ढूंढता है कि यहां कोई सी० पी० एम० का कार्यकर्ता रहता है? वह नहीं मिले तो उसके

[श्री शशिभूषण]

रिश्तेदार को ढूंढते हैं। वह भी नहीं मिले तो पुलिस में जो इनके द्वारा भर्ती हुए हैं उसको ढूंढते हैं और वह भी न मिले तो फिर तीसरे आदमी को ढूंढते हैं। तो एक साल में जो इन्होंने वातावरण बनाया है अगर यह प्रजातंत्र की नीति में विश्वास करें और जितनी प्रजातंत्रीय शक्तियां हैं उनके साथ मिलकर इस गुंडागर्दी का राजनैतिक तौर पर मुकाबला करें तो हो सकता है। बैन करने से यह चीज हल नहीं हो सकती है। इसका हल किसी को सी० आई० ए० का एजेंट कह देने से या चीनी एजेंट कह देने से भी नहीं होता। क्योंकि जो बहुत राष्ट्रवाद की बात करते हैं सबसे ज्यादा वही विदेशी एजेंट हैं। इस देश में मैं देखता हूं कि शिव सेना को जो लाखों करोड़ों रुपये आते हैं वह कहां से आते हैं? बहुत से हमारे भाई नाराज होंगे इस बात से, उनको पैसा देकर कत्ल कराया जाता है, कहीं हड़ताल होती है तो शिव सेना के लोग उसको रोकवाने के लिए चौकीदार बना कर भेजे जाते हैं और महाराष्ट्र के नाम पर, धर्म के नाम पर, पता नहीं किस किस नाम पर कितना-कितना राष्ट्रवाद चलाया जाता है? तो इस प्रकार जो हिंसा की भावना है वह कोई पूंजीपति बढ़ाए या कोई साम्यवाद के नाम पर बढ़ाए, हमारे देश ने प्रजातंत्र अपना लिया है और दूसरा रास्ता यहां नहीं चल सकता। यह जो कम्युनल रायट होते हैं यह क्या हिंसा नहीं है? हजारों आदमी अहमदाबाद में, मार दिए गए, भिवंडी में मार दिए गए। क्या यह हिंसा नहीं है? आज इनको जो पंचमांगी कहते हैं वह सबसे बड़े पंचमांगी हैं। अंग्रेज जिस चीज को हमारे देश में बो गए हैं ताकि हमारा राष्ट्र एक न बन सके उसी की परिपाटी पर चलते हुए अपने आपको यह राष्ट्रवादी कहते हैं? देश की आजादी के लिए, देश के हित में कभी जिन्होंने एक बूंद खून नहीं बहाया, गांधीजी के मर्डर के बाद कुछ लोग जेल जरूर गए और बाद में माफी मांग कर चले आए, वह आज राष्ट्रवाद की दोहाई देते हैं। इसलिए अच्छा तो यह हो कि एक दूसरे पर आक्षेप करने के बजाय इस बात का पोलिटिकल हल निकाला जाय, जितनी प्रगतिशील ताकतें हैं बंगाल में वह सब मिल कर खड़ी हो जायं तो यह चीज आसानी से हल हो सकती है।

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour): Sir, I start from where Mr. Shashibhushan ends, that the Naxalites are looking for CPM whenever they want to find out somebody for attacking. The bogie of subversive activities has been intensified from the time the CPM-dominated United Front came to power in West Bengal. Today, to quote Mrs. Gandhi's close allies, in the papers edited by them, the headlines are: "Naked Police Terror stalks President's Rule in West Bengal", "Under Governor Raj no law. Only orders to shoot and kill". This is from New Age. I promise I shall quote nothing from the papers where we have got interest.

SHRI C. K. BHATTACHARYYA (Raiganj): Quote from *New Age* also where it speaks of CPM tyranny.

SHRI JYOTIRMOY BASU: I will do that later to satisfy you.

Even the British satans, the tyrants, the suckers, who came to rule and exploit our country thought that there should be a regulation by which every police firing should be enquired into either by an executive enquiry or judicial enquiry. But today, the great Samajwadi Mahila Indira Gandhi proposes to do away with that and say, "Shoot anybody you choose." Even if a policeman shoots for a personal purpose, there is none to check him. I quote from *Hindustan Standard*, a paper controlled by Congress: "No executive enquiry into the firings now."

I wrote a letter to Mrs. Indira Gandhi to which she replied like this:

> "I have your letter of 1st November regarding the reported decision of the West Bengal Government not to hold an enquiry into police firings. I myself have no further knowledge beyond what has been stated in the press. We are finding

out the facts from the West Bengal Government after which I shall write to you again."

Look at this unmixed untruth that has been given to an MP.

SHRI RANGA: She is your friend and ally.

SHRI JYOTIRMOY BASU: I will tell you later on how close she is to us. *Jugantar*, a paper owned by a Congressman, Mr. Tarun Kanti Ghosh—he happens to be the Secretary of the West Bengal Ruling Congress—says; what? It says that:

> "the decision was taken by the Government there in a meeting where the Advisers were present. The meeting was presided over by Mr. Dhawan, the Governor and everything was conveyed to the Central Government for their information and approval. What Mrs. Gandhi has written to me is—I do not want to use the word 'lie'—wholly unture and not becoming of a Prime Minister. We must find out how low she is willing to stoop to maintain herself in power.

At the present moment, Shrimati Indira Gandhi's sole operation is subversion. That is her sole operation in order to capture power and consolidate and install her party in West Bengal, which has been routed out ruthlessly like a piece of rag when it was offered to the people for getting elected.

Do not forget that in 1967 when, for the first time, the United Front came into power, Shrimati Indira Gandhi and Shri Chavan created fake documents to convince Shri Ajoy Mukerjee that we were hand in glove with China and that we were unfit to be in the government. They created fake photographs and letters and the old man was convinced and a conspiracy was hatched and the name of the operation was operation Hooghly. By that they wanted to shoot 2,500 Communists in one or two days, them they wanted the resignation of the Chief Minister and they wanted to form a new government. Where is the draftsman of that resignation, Shri Asok Sen? He is not seen here. Here too they were building castles in the air. Then they wanted a Shikandi government and they went to the extent of planting a bomb in the lift of Lal Bazaar and the Congress papers in Calcutta, and the papers which had to rely for newsprint and advertisements on Shrimati Indira Gandhi's Government, raised a hue and cry that the bomb was made in China and it was planted by the CPM. Later on, it was found that the whole thing was untrue and it did not work. This is how throughout the last 23 years, and even before that, communal riots have been created—the same type of machinery, the same personnel have been operating there.

We have not forgotten the PDF atrocities, which were created by Delhi, with the help of money of foreign and Indian monopolists, atrocities which knew no bounds, the atrocities that they committed in college campus like Uttarpara and Ganguli Bagh where the walls of colleges were smezred with blood and professors and students dare not speak of it for fear of creating trouble. This is the finding of the inquiry commission.

When the Speaker, Shri Bejoy Banerjee created some deadlock he got the reward of a highly explosive bomb in his house with the express object of killing him. All this subversion is done from the South Block in Delhi.

They went to the extent of creating communal riots and riots based on regionalism. A riot was created between Bengalis and Sikhs, who are our very dear friends. They are welcome to Bengal because any workman is always welcome in Bengal. Here I would like to quote the Deputy Commissioner of Police (Special Branch), Shri Surendranath Gupta, who gave evidence before an inquiry commission presided over by a High Court Judge. He was in charge of the Intelligence Department in Calcutta at the relevant time. When questioned about the motives of the organisers of the Sikh riots on 20th March 1967, this is what the Deputy Commissioner, Shri Gupta, said:

> "The motive, as far as we can get through the intelligence reports, was to discredit the then United Front Government for which a few rich people and an unseen hand had spent considerable sums of money."

[Shri Jyotirmoy Basu]

So, you can understand that it is the socialist government of South Block and their allies, the big money bags, who are creating subversion in this country. In the mean time, they went about vigorously recruiting thousands of people for intelligence service. We have definite information that they have created a parallel central police net work of centre intelligence in West Bengal and eastern region, including parts of Assam.

The bourgeois press raised a lot of hue and cry. When the Rabindra Sarovar incident of atrocities on women was gone through by a High Court Judge it was found to be nothing but untrue. The whole object of this is to isolate and separate CPM, the real enemy of Congress (R) and thus resettle Indira Congress in West Bengal which, I can tell you will never happen.

Shri Ajoy Mukerjee—unfortunately, I have to call him a stooge here—Indira's stooge, was used for forming, what we call, a *sikhandi* government, for the Congress.

After this land grab agitation in Midnapore, at a place called Bhoglasul, P.C. Sen said:

> "In the process of land grab, when the CP(M) worker is involved in a murder, the blood colours red; when it is done by any of Mrs. Gandhi's allies or Ajoy Mukherjee's allies, the colour looks to be yellow or amber."

How is it so?

The cat is out of the bag in yesterday's Consultative Committee meeting if I have got it right. My dear friend, Shri K.C. Pant, will tell us. It is that they do not like a united front type of government to come back because it will bring political instability. They want the Congress to come back. Are you not building a castle in the air?

The second objective of Shrimati Indira Gandhi is to create a reign of terror and overpublicise it so that it becomes convenient for her to refuse the mid-term poll. She knows, her party will be thrown out of the polling booth without any difficulty.

The third one is that she wants a smooth passage for the black Act. One of the Calcutta papers, the *Hindustan Standard*, a Congress paper, says that this is a much harsher piece of legislation than the one that was in existence. It is taking blanket powers and, no doubt, they will be used against the cadre of those who are posing a danger to her power-grabbing and to her throne.

The fourth one is that by this Act they want to imprison our cadre and create a smooth passage through the election. That is not going to happen.

Lastly, it is to destroy the CP(M) by physical annihilation of its workers and cadre. You have concentrated on our important organisational leaders. During the President's rule you have killed not less than 107 CP(M) persons during this regime of eight months. You ought to be ashamed of yourself.

We really wanted to sort out the things with the Naxalites. We wanted to fight them on political grounds. But today you have annihilated a good part of them because you consider them to be very unsafe. Not many are there.

Today the whole State has been captured by your Central Intelligence led hard criminals, agents provocateur and unemployed varieties of those "Whatelse-to-do's", because you have offered nothing before them during the last 23 years. You want to make the fullest use of them for your political growth.

You have had a death of sergeant major, Mukerjee, of an armed battalion. Who had killed him? Another policeman. You had another death of a traffic constable. Who had killed him? Another policeman. You have planted hundreds of policemen as agents provocateur to do these jobs and tell the world that it is being done by the Naxalites. It is your job. You are financing it and are doing it. You have sent a consignment of very veteran intelligence officers in March immediately after the fall of your government with lots of your money in your discretionary funds and also the money given by your monopolist friends. We want to know what are the truths in these.

Here is another cutting from the *Hindustan*

Standard, "Dismissed constable held at Naxalite hideout." It is on the 30th September. I want a reply on this.

The CIA is not sitting idle. They are hand in glove with your operations. American made machineguns were found in Jaduguda forest. I had written two letters to Shri K.C. Pant. He is taking shelter under one word, "The matter is under investigation." Whenever you seize a weapon or anything in operation, you make a seizure list within 15 minutes. I want a clear and categorical reply from Mr. Pant. Whom is he trying to shield? What about those 2 American revolvers found on the person of two boys near Barrackpore very recently? I have written a letter to him. No doubt, he will try to take shelter. I do not know whom he is trying to shield.

There is another interesting item about the so-called Naxalites in *Jugantar*. It says that out of 400 and odd numbers, 349 persons had no relation with politics in the past. Who have recruited them? Who are paying for them? Who are training them? Who are providing them with weapons and explosives?

Then, two Naxalite leaders were arrested in the house of Dr. Sunil Bose in Mao Hospital. Is it not a fact that Dr. Sunil Bose contested an election on the Congress ticket?

There is another article in *Jugantar* which says that behind Calcutta happenings, big business hands are working. It says that the explosives are being imported freely. I would like to give one case where explosvies and bombs worth Rs. 7 lakhs were seized and the Calcutta police confiscated more than 6500 Kgs. of Potassium Chloride. What is the police doing? Is it not being done with their connivance? Who will believe that all these bombs worth Rs. 7 lakhs were brought to Calcutta without the knowledge and connivance of the police?

There is another article in *BASUMATI* saying: Where from are the so called Naxalites getting weapons and arms ? The Commissioner of Police says that they are trying to institute an inquiry. He said it months ago. But nothing can be done because you are providing them with weapons and everything else. The police is seriously involved in it. You are supplying them with weapons, explosives, guidance and, lastly, protection.

There is no motive for loot and robbery. They stab a man or they murder him. But his wrist-watch or his trousers are seldom touched. That shows they are being paid by a third hand. Who is so resourceful to pay people for months and months to thousands and thousands of them ? None but the Government with their monopolist friends. They are not touching a single foreigner exploiter, no big businessmen, no posh schools and no hoarders and blackmarketeers and food adulterators.

Now, I refer to an article which has come out in the *Blitz* saying that the police pickets in Calcutta were being attacked by the so-called Naxalites. But there has not been a single casualty. So, a decision has been taken to sacrifice a few constables and petty officers. Those who know the terrorist days of early 1930s will remember that they used to aim at senior officers only, the S.Ps, the D.I.G.s, and so on. Today, they cannot touch them. There will be revolt in their base, in the present Government's base, and they live on bureaucrats. They cannot annoy them.

How does the police protect the miscreants ? The Commissioner of Police, Calcutta, has noted with great dissatisfaction that there have been a large number of cases of ineffective firings by the police. Can you imagine that ? They protect them. They go through the drill of firing. When the so-called Naxalites are attacked by the local resistance group, the police comes and protects them. For example, we have numerous cases in Bengal Engineering College and other places and we have seen, time and again, that the police is protecting them.

There is not much in villages because villages have no slums. You cannot get foreigners to go there. You cannot inject miscreants and agent provocateurs because they would be found out on the very first day. Today, there are 11 battalions and 2 companies of C.R.P. consisting of 8500 persons. You have also got armed police from Haryana and other States. Why are they creating bad blood between the people of Haryana and the people of Bengal?

[Shri Jyotirmoy Basu]

There have been inhuman torture and killings of boys in police lock-ups. Will you kindly tell us what is the report about the death of one Mr. Samir Bhattacharyya in Shaympukur station. I had written about it to the Prime Minister also earlier. And the Commissioner promised an inquiry. He was beaten to death—a boy age 17. A Sub-Inspector calle Bala was watching and a Head Constable, Lalan Mistri, pressing both his legs on his neck killed him and at the post-mortem it was found that lungs, kidney and the spleen had burst. We have numerous cases in Behala.

MR. CHAIRMAN: Please finish.

SHRI JYOTIRMOY BASU: I am concluding.

The subversion again has started from New Delhi. The subversion is in South Block. If you want to stop subversion, let us go and search that place, talk to those people and tell them that they are the people who have brought subversion in every sphere of life in this country.

SHRI S. R. DAMANI (Sholapur): At the very outset I want to congratulate my friend, Shri Prakash Vir Shastri, for raising this important subject of erosion of law and order and peace of the country.

I have very carefully listened to their remarks and the speech of my hon. friend, Shri Jyotirmoy Basu and the hon Minister will give a reply to all the points raised by him. But I can say only one thing that they have started all the trouble since they came into power in West Bengal and from that time, the situation in West Bengal has started deteriorating and is continuously deteriorating.

Calcutta is a very important port of the country. It is one of the biggest industrial towns of the country where hundreds of thousands of workers are getting employment and are engaged in one sort or other of the activities. Since last two years what is happening there ? Workers are not getting employment. Industrialisation has stopped. Production has stopped and there is no safety of life of any person there. Every body is afraid. Who is going to suffer out of this? The sufferers are the workers. The sufferers are the common men or the middle class people and my friend who will attack the Government and who will attack our Party should know that during the twenty years when Congress was in power, there was a lot of industrial development of Calcutta and millions of people got employment in several kinds of industries in Calcutta and West Bengal. But, since then, everything is disturbed. They know only one thing — destruction. They do not know that no country can progress through destruction. Only by construction a country can progress. Their method is to instigate the workers to go on strike, to obstruct the management and to threaten the officers and create such situation that the factory and the industry does not work. Is this the way a country can develop? Is this the way that the youth will get employment ? Is this the way that our country will become self-sufficient and will develop any further ? These are not the ways.

My friend has said that they are getting instigation from other countries which are not happy with us, that is the reason why these activities are being continued. How long can Government control it because it is going to affect our industrial development? In these circumstances I say that the Government has been very very lenient so far in not taking severe action against those who are indulging in such kinds of lawlessness. What is it that we are reading everyday in the newspapers? Every day we are reading that 3 or 4 policemen have been killed; we hear that so many post offices have been attacked; we hear that so many buses have been burnt; we hear that some persons have been stabbed and so on. These are becoming cases of daily occurrence. If this is not controlled, if this continues, then, Government will be failing in its duty to carry out the maintenance of law and order in the country.

Therefore, I strongly recommend to the Government that the Government should take the strongest action against those persons and those parties indulging in this kind of lawlessness and creating violence and terror in that part of the country, in Calcutta and in other places.

Our exports from Calcutta port form 35 per cent of our foreign exports. Similarly, there are large imports into the Calcutta port. So many items are being exported and imported which are vital for the economy of our country. Strikes and lawlessness are affecting the export and import trade. This is affecting the economy of our country. Our whole economy is being affected. Our progress and our activities are being damaged and handicapped because of this. Therefore, I think, Government should take strict action to bring the law and order situation under control by taking whatever measures they think fit.

श्री बि० प्र० मंडल (मधेपुरा) : सभापति महोदय, मैं अपने मित्र श्री प्रकाशवीर शास्त्री को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस प्रस्ताव को सदन में रक्खा । यह तो सभी को मालूम है कि हिन्दुस्तान गैर-बराबरी का मुल्क है और यहां पर आर्थिक और सामाजिक शोषण हो रहा है। एक तरफ आदमी इस तरह की गरीबी में रहे और दूसरी तरफ अमीरी में रहे, यह किसी तरह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता । फिर भी जब हम संविधान की शपथ ग्रहण करके यहां आये हैं और गांधीजी के रास्ते पर चल कर हमने स्वराज्य हासिल किया तब हम किसी भी तरह वायोलेंस को प्रोत्साहन देकर किसी मसले को हल नहीं करना चाहते ।

पश्चिम बंगाल की बात यहां कही गई । लेकिन आपको मालूम है कि जब हमारी स्टेट बिहार में चन्द महीने या एक साल पहले कोई भी नक्सलाइट्स का नाम नहीं जानता था, तब आज वहां नक्सलाइट्स का बहुत बड़ा हंगामा शुरू हो गया है । पटना में जगह-जगह उनके नारे लिखे हैं । यहां तक कि गांधी और बुद्ध की मूर्तियों को तोड़ा गया है ।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : मूर्तियों को नहीं तोड़ा गया है ।

श्री बि० प्र० मंडल : न तोड़ा गया होगा, लेकिन पेपर में ऐसा था । मुजफ्फरपुर मे एक आदमी को मार दिया गया, समस्तीपुर में एक सिनेमा प्रोप्राइटर को मार दिया गया । इस तरह से बिहार में नक्सलाइट्स का हल्ला शुरू हुआ । मैं पूछता हूं कि आखिर ऐसा क्यों है ? जब कभी कोई राज्य शासन या सेंट्रल गवर्नमेंट कमजोर हो जाती है, जब अप्वाइन्टमेंट्स और ट्रांस्फर्स में लोग पक्षपात करना शुरू कर देते हैं, जब मजिस्ट्रेसी और पुलिस का मोराल खराब हो जाता है तब इस तरह के नजारे देखने में आते हैं और आज बिहार में वही हो रहा है ।

जब से बिहार में रूलिंग कांग्रेस को बोलबाला हुआ, उनका मुख्य मंत्री हुआ और उनका शासन चल रहा है तभी से यह बातें शुरू हो गई । एकानमिक प्राब्लेम बिहार में कोई एकाएक, ओवरनाइट, तो खराब हुई नहीं । बिहार का एकानमिक प्राब्लेम जैसी कुछ दिन पहले थी वैसे ही आज है । लेकिन जो नक्सलाइट्स का हल्ला-गुल्ला है, जो उनका आतंक आज है उसका नामो निशान आज से पहले नहीं था । आज रूलिंग कांग्रेस के शासन में आने से ऐसा हुआ है । इसी तरह से पश्चिम बंगाल में भी स्वराज्य के बीस वर्षों बाद तक ऐसी हालत कभी नहीं हुई थी जैसी आज है । हम नहीं कह सकते थे कि पश्चिम बंगाल की परिस्थिति हिन्दुस्तान की और जगहों के मुकाबले खराब है, लेकिन युनाइटेड फ्रंट गवर्नमेंट के बंगाल में आने के बाद ओवरनाइट वहां पर नक्सलाइट्स का हंगामा शुरू हुआ, हिंसा शुरू हुई ।

मेरे कहने का मतलब यह है कि चाहे राज्य गवर्नमेंट हो चाहे सेंट्रल गवर्नमेंट हो, वह किसी भी मूल्य पर गद्दी से चिपके रहना चाहते हैं, चाहे उनको देशद्रोही से मिलना पड़े चाहे फिफ्थ कालम के लोगों से मिलना पड़े, चाहे कम्यूनलिस्ट्स से मिलना पड़े, चाहे ज़मीदारों से मिलना पड़े । चाहे उन लोगों से मिलना पड़े जो अप्रगतिशील हैं या जिनकी जड़ दूसरे मुल्क में हो ।

श्री रामावतार शास्त्री : जड़ यहां है तभी यहां चुनकर आए हैं ।

श्री वि० प्र० मंडल : ऐसी परिस्थिति जब हो जाती है तभी देखने में आती है इस तरह की बातें। आज हिन्दुस्तानमें ऐसी परिस्थिति हो गई है कि चाहे सेंटर में हो चाहे किसी स्टेट में, सब लोग किसी न किसी तरह से गद्दी से चिपके रहना चाहते हैं। आज परिस्थिति ऐसी आ गई है कि मजिस्ट्रेसी और पुलिस डिमारलाइज हो गई है और लालेस एलिमेंट्स को प्रोत्साहन मिलता है।

इसलिए हमको मिलकर नेशनल लेवेल पर विचार करना चाहिए कि इसके लिए क्या किया जाए और अन्त में मैं अपने मित्र श्री प्रकाशवीर शास्त्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस सम्बन्ध में इस प्रस्ताव को रक्खा।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : सभापति महोदय, मैं श्री प्रकाशवीर शास्त्री को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आज देश में जो ऐक्टिविटीज चल रही हैं उसकी ओर उन्होंने ध्यान दिया है। आज यह सब कुछ खुले आम हो रहा है, उसकी कोई रुकावट नहीं है। मैं होम मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि आज बंगाल में मिलिटरी रूल की जरूरत है। मेरी यह डिमान्ड है कि वहां पर मिलिटरी रूल किया जाये जिससे वहां की पब्लिक को शान्ति और सुख मिले। मैं श्री चव्हाण को धन्यवाद देता हूँ जो यहां पर होम मिनिस्टर थे और जिन्होंने बड़ा अच्छा काम किया। मैं श्री पन्त को भी उनके पिताजी की याद दिलाना चाहता हूं जो यहां पर होम मिनिस्टर थे। मैं चाहता हूं कि श्री पन्त भी अपने पिताजी की तरह से काम करें।

आज यहां पर बख्शी गुलाम मुहम्मद नहीं बैठे हुए हैं। मैं जुलाई में काश्मीर में था। वहां पर सादिक गवर्नमेंट है। वहां पर एक मीटिंग थी जिसमें मैं मौजूद था। वहां पर गुण्डागिरी हो रही थी, जिसके कारण वहां पर गड़बड़ हुई और 30 हजार लोगों में से मुश्किल से 15 हजार रह गये। आज काश्मीर की भी यह हालत है। हर जगह अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। इसलिए मैं होम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि Tighten your belt and come down with a strong hand and deal with this goondaism, and finish it once and for all, so that peace and normlacy is restored once again in the country.

With these words, I support the motion moved by my hon. friend Shri Prakash Vir Shastri.

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna): I had no intention to speak, but the amount of historical ignorance that has been shown here impels me to say a few words.

First of all, I was much surprised at the speech that was made by my hon. friend from the Jan Sangh, Professor Bal Raj Madhok. I do not know where he was a professor. At least, he does not seem to have read history. If he were a student of history, he would know that India has always come to trouble because of its leaders.

The leaders in the olden days were the Kshatriyas. How did they behave in the country? How did foreign rule come in this land? These brave people fought against each other and they allowed the country to be conquered. I would like to ask my hon. friend Shri Bal Raj Madhok whether that is not a fact.

SHRI BAL RAJ MADHOK: Yes, it is.

17 hrs.

SHRI J. B. KRIPALANI: Yes, that is the fact. And how did the Muslim rule fail in India? Because the rulers were effete, and also the subahs were in revolt against the Centre. Is that a fact or not? How did the Maratha Empire fall ? The Peshwas fought against the new kings, Sindias, Holkars, Gackwaid. All these people fought among themselves. Nobody can say that the Rajput soldiers were in any way inferior to the soldiers that came from outside India. They were suicidally brave. I remember reading an incident in their history. A barber was shaving a Rajput. In those days, there were no safety razors. The razor used caused

a little scratch on his cheek and he began to say 'Ah'. The barber said: 'You are a Rajput and you are crying at a little scratch?' 'Is that so?' said the Rajput, and took his *bhala* and put leg upon him and thrush the spear through both the legs. That was the bravery of those people—and their folly also.

I was talking of the Muslim rule. They also fell because their leadership felled. The Marathas also fell because their leadership fell. I am sorry there is no Sikh sitting here—he has gone away. When the Sikhs went to fight, they were brave soldiers, braver than the Tommies who came from the streets of London. They were a formidable force, when they opened their bags of gunpowder, they found there was no gunpowder, only *sarson*, mustard!

Our friend, Shri Madhok, does not know Indian history.

SHRI BALRAJ MADHOK: I had not talked of history; he was not here when I spoke.

SHRI J. B. KRIPALANI: You cannot know politics without knowledge of history. Therefore, his politics is wrong. He must remember that if this nation comes to trouble, it will be on account of its leaders. There is nothing unusual in it.

Then there was another speaker, another Jyoti Basu, who has risen here in this House, not in Bengal. He does not seem to have read history. I could understand it. But why should Shri Madhok not know history? In every country's history, violent revolution has swallowed its own sons. This is what happened in the French Revolution with the Girondists and the Jacobins. They fought against each other, killed each other, guillotined each other. What happened in Russia? Lenin and Trotsky were the leaders of the Revolution. But if Lenin had lived a little longer, the party successor, Stalin, would certainly have liquidated him. He had got all the power, but as Lenin was not living. He liquidated his companion Trotsky. Trotsky was a better organiser, better soldier, better theoritician of Marxism and yet that man was liquidated and feed the country where he was killed by Stalin agents.

Then, what happened to Stalin himself? Stalin was buried near Lenin in the Kremlin and his grave was dug out and his body was taken away, one does not know where.

Then after Stalin came Krushchev who called Stalin a cruel sadist.

SHRI JYOTIRMOY BASU: All very relevant.

SHRI J. B. KRIPALANI: It may be irrelevant to you, but it is not irrelevant to the House, it is not irrelevant according to history if you have ever read any history.

What is happening in Bengal is that it is the revolutionary who is eating the revolutionary. The revolution must kill its children. This is the logic of violent revolutions. It is not so many Congressmen killed, but it is so many Naxalites killed, it is so many Marxists, followers of Basu, who are being killed today. It is the members of the party of our professor, Shri Mukerjee members of the CPI, who are being killed. Congressmen have not been killed because congressmen are unbelievers. The believers can tolerate unbelievers, but they cannot tolerate those who swear by the same creed because they are renegades, because they are black sheep and if they go unpunished they spread the disease of dissension. They are the first enemies.

This happens in religion also. When the Inquisition was organised by the Catholic Church, who were killed? The greatest Christian saints were killed, not unbelievers. The first wrath of the violent revolutionary is against those who believe in his philosophy but do not subscribe to the details held to be orthodox by those who are in power. This is what is happening in India. It is absolutely historical.

Again Professor Madhok says that there is the law of the jungle, instead of the rule of law. Don't you know that the law of the jungle is more natural than the artificial rule of law? Why do you want the natural law not to prevail in India? Why do you want the artificial law made by Parliament or by the Constituent Assembly to prevail in India? We are people more natural than artificial. Why are you surprised at that? These people should get historical knowledge

[J. B. Kripalani]

and they will understand that what is happening in India is absolutely logical, legitimate and in accordance with the genius of our people.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, AND MINISTER OF STATE, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND SCIENTIFIC AND INDUSTRIAL RESEARCH (SHRI K. C. PANT): This motion has been before the House for quite some months now and the House has had an opportunity of discussing it on previous occasions and of discussing various other problems relating to it.

I am very happy that the debate has ended on a high note and Acharyaji has introduced into it not only a dash of intellect but his usual humour. Except for Mr. Jyotirmoy Basu all seem to have enjoyed it. I cannot possibly go into all that has been said. Speeches had been made by Mr. Shastri, Mr. P.C. Verma and Mr. Patel and Shrimati Ila Palchoudhuri and others. In fact much of the information that they sought had been given to the House not only in answer to questions but in the course of the debates here on the law and order situation in the country, prticularly on the debates on the situation in West Bengal. I do not think that I need to cover all the ground once again.

SHRI JYOTIRMOY BASU: It is a fire escape.

SHRI K. C. PANT: I wish he would not provoke me; I have had my fill of dealing with the CPM on the last occasion. . . If he insists may I point out to him, particularly after Dada's speech how dengerous it was for him to refer to the fact that children could be known by their pedigree because when one understands the relationship between the Naxalite and the CPM, it becomes very dangerous.

SHRI JYOTIRMOY BASU: These so-called Naxalites are the goondas or hardened criminals whom you have recruited by the thousands; do not mislead the world.

SHRI K. C. PANT: In the course of his speech he very kindly referred to the fact that there was reign of terror in West Bengal but the rest of his speech seemed to suggest that there was a reign of terror against the CPM.

SHRI JYOTIRMOY BASU: That is exactly what I wanted to establish—Your whole action is aimed at annihilating your political opponents. . . (*Interruptions*).

